# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, गुरुवार
05 जून 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 97 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579







# कांग्रेस के डीएनए में आत्मसमर्पण, भारत कभी नहीं झुकता...'

## नड्डा का राहुल गांधी पर पलटवार

नई दिल्ली।। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'नरेंदर सरेंडर' वाले बयान पर अब भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने विपक्षी नेता पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकारों ने इतिहास में आत्मसमर्पण किए।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक 'पोस्ट' में कहा, 'राहुल गांधी आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है, लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता। आत्मसमर्पण आपकी कांग्रेस पार्टी के शब्दकोष में है, आपके डीएनए में है।'



एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी, आपको अपनी पार्टी की सरकारों का कार्यकाल याद करना चाहिए किस तरह आपने इतिहास में 'आत्मसमर्पण' किया।' भाजपा प्रमुख ने कहा, आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में टेबल पर आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते में आत्मसमर्पण किया, हाजी पीर दर्रा का आत्मसमर्पण किया, छम्ब सेक्टर के 160 किमी इलाके का आत्मसमर्पण किया, 1962 की लड़ाई में आत्मसमर्पण किया, 1948 में आत्मसमर्पण किया और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया। शेष पेज 2 पर

## अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब सेना को बदनाम करना नहीं, राहुल गांधी को इलाहाबाद हाई कोर्ट की फटकार



अदालत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, लेकिन यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है और इसमें भारतीय सेना के लिए अपमानजनक बयान देने की स्वतंत्रता शामिल नहीं है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में लखनऊ की एक अदालत द्वारा जारी समन के खिलाफ गांधी द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, लेकिन यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है और इसमें भारतीय सेना के लिए अपमानजनक बयान देने की स्वतंत्रता शामिल नहीं है। शेष पेज 2 पर

# बंगलूरू भगदड़ में 11 लोगों की मौत, 33 घायल

## प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर जताया दुःख



बेंगलुरु। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ के चलते भगदड़ मच गई। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, हादसे में कई लोग हताहत हुए हैं। प्रशासन और पुलिस मौके पर तैनात।

आरसीबी की आईपीएल 2025 की जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मंगलवार को भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल हो गए। इस त्रासदी ने प्रशंसकों के उत्साह को मातम में बदल दिया। आरसीबी ने मंगलवार को 18 साल के लंबे इंतजार के बाद अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीती, जिसके बाद हजारों प्रशंसक स्टेडियम के बाहर और शहर की सड़कों पर जश्न मनाने के लिए जमा हो गए। प्रशंसकों ने विराट कोहली और आरसीबी टीम का स्वागत करने के लिए विधान सौधा से चिन्नास्वामी स्टेडियम तक प्रस्तावित विजय परेड में हिस्सा लिया। हालाँकि, परेड के रद्द होने की सूचना के बावजूद भारी भीड़ स्टेडियम के आसपास जुट गई, जिससे स्थिति अनियंत्रित हो गई।

पुलिस के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयासों के दौरान स्थिति बिगड़ गई और भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। बेंगलुरु पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज किया, लेकिन इससे स्थिति और खराब हो गई।

पुलिस ने तुरंत घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुँचाया और मृतकों की पहचान की प्रक्रिया शुरू की। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ की संख्या अपेक्षा से कहीं अधिक थी और स्टेडियम के आसपास ट्रैफिक जाम ने बचाव कार्यों को और मुश्किल बना दिया। शेष पेज 2 पर

## पाकिस्तान को एडीबी से सहायता मिलने का भारत ने किया कड़ा विरोध, धन के दुरुपयोग की जताई आशंका





नई दिल्ली। एशियाई विकास बैंक की ओर से पाकिस्तान को दिए जाने वाली फंड पर भारत ने कड़ा विरोध किया है। भारत ने चिंता जताई की पाकिस्तान इस वित्तीय सहायता का दुरुपयोग करता आ रहा है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

भारत ने पाकिस्तान को एशियाई विकास बैंक की ओर से दिए जाने वाले किसी भी वित्तीय सहयोग का सख्त विरोध किया है। भारत ने पाकिस्तान की ओर से फंड का दुरुपयोग सैन्य खर्चों पर करने के प्रति गंभीर चिंता जताई है। भारत ने आर्थिक सुधारों के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता पर भी सवाल उठाया है।

भारत को चिंता है कि पाकिस्तान इस वित्तीय सहायता का दुरुपयोग करेगा। भारत ने एडीबी के समक्ष पाकिस्तान की वित्तीय प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान बिगड़ती राजकोषिय स्थिति, गिरते कर संग्रह को संभालने के बजाए, अंतरराष्ट्रीय फंड का उपयोग सैन्य खर्च में करता आया है।

# 1 मार्च 2027 से शुरू होगी जनगणना दो चरण में होगी गिनती

## कोविड के कारण 2021 में टली थी गणना




**जनगणना 1951 से प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर की जाती थी**

नई दिल्ली। देश में आखिरकार 16 साल बाद जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। नियमों के अनुसार, ये जनगणना साल 2021 में कराई जानी थी। लेकिन कोरोना संक्रमण से फैली महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था। इससे पहले साल 2011 में जनगणना हुई थी।

केंद्र सरकार देश में जाति जनगणना का एलान पहले ही कर चुकी है। अब सरकार ने तारीखों का भी एलान कर दिया है। सूत्रों को मुताबिक, भारत में 1 मार्च 2027 से जातीय जनगणना शुरू होगी। यह जनगणना देशभर में दो चरणों में कराई जाएगी। बता दें कि, जनगणना 1951 से प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर की जाती थी (2021 में कोरोना महामारी के कारण टली)। जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति बनाने और उन पर अमल करने के साथ-साथ देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम होते हैं। वहीं राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को भी अपडेट करने का काम बाकी है।

शेष पेज 2 पर

## महाराष्ट्र की राजनीति में दिखेगा अब तक का सबसे अलग 'भाई' चारा

### BMC चुनाव में साथ आएंगे उद्धव-ओवैसी?



मुबंई। इस्माइल ने कहा कि आदित्य की पहल पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए एआईएमआईएम विधायक मुफ़्ती इस्माइल ने कहा कि मैं उद्धव ठाकरे और असदुद्दीन ओवैसी दोनों को साथ आते देखना चाहता हूँ। हम आदित्य ठाकरे के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करेंगे।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की महाराष्ट्र इकाई आगामी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) और स्थानीय निकाय चुनावों से पहले ठाकरे गुट (शिवसेना-यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे) के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार दिखाई दे रही है। आदित्य ठाकरे ने महाराष्ट्र के हित में सभी गैर-महायुति दलों से एक साथ आने की सार्वजनिक अपील की है। उन्होंने राज्य के कल्याण के लिए सभी दलों के साथ सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की है। इस्माइल ने कहा कि आदित्य की पहल पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए एआईएमआईएम विधायक मुफ़्ती इस्माइल ने कहा ....

शेष पेज 2 पर

# पंजाब से एक और यूट्यूबर गिरफ्तार पाकिस्तान के लिए करता था जासूसी

## ज्योति मल्होत्रा और दानिश के साथ संबंध



चंडीगढ़ । पहलगाम हमले के बाद से पंजाब में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इससे पहले बठिंडा और गुरदासपुर से भी पाकिस्तानी जासूस पकड़े जा चुके हैं।

पंजाब से जासूसी के आरोप में एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है। मोहाली एसएसओसी ने रूपनगर के गांव महलान निवासी जसबीर सिंह को पकड़ा है। जसबीर सिंह को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल के डीएसपी पवन शर्मा ने यह जानकारी दी।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि जसबीर सिंह जान महल नामक एक यू ट्यूब चैनल चलाता है। उसके यूट्यूब चैनल के 1.1 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। उसका संबंध पीआईओ शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा के साथ पाया गया है। वहीं जासूसी के लिए गिरफ्तार हरियाणा स्थित यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा और पाकिस्तानी नागरिक और निष्कासित पाक उच्चायोग अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के साथ भी उसके घनिष्ठ संपर्क हैं।

पाकिस्तान राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम में हुआ था शामिल

शेष पेज 2 पर

मानसून सत्र | केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने दी जानकारी

# संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

नई दिल्ली। विपक्ष की ओर से लगातार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की जा रही है। इस बीच केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र की तारीखों का एलान किया। इस सत्र में कई अहम विधेयक पेश किए जाएंगे।

संसद के मानसून सत्र की तारीखें घोषित हो गईं हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि 21 जुलाई से 12 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र आयोजित किया जाएगा। विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर लगातार की जा रही संसद के विशेष सत्र की मांग के बीच सरकार ने यह एलान किया है।



**मानसून सत्र में पेश किया जा सकता है बीमा संशोधन विधेयक**

संसद के मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश किया जा सकता है। विधेयक में बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

**दो हिस्सों में आयोजित हुआ था बजट सत्र-** इससे पहले संसद का बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया गया था। पहला सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ और 13 फरवरी तक चला। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू हुआ और चार अप्रैल को समाप्त हुआ था।

राज्यसभा में कितना काम हुआ?

बजट सत्र में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया था कि सदन की अब तक की सबसे लंबी बैठक गुरुवार तीन अप्रैल को हुई थी। यह तीन अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू हुई और चार अप्रैल को सुबह 4:02 बजे तक चली। ऊपरी सदन में रिकॉर्ड 49 निजी सदस्यों के विधेयक भी पेश किए गए। कुल मिलाकर सदन ने कुल 159 घंटे काम किया, जिसमें आधी रात के बाद 4 घंटे से अधिक समय शामिल है। इस सत्र की उत्पादकता 119 प्रतिशत रही। शेष पेज 2 पर

# असम लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईपीएस देबराज उपाध्याय ने किया कामरूप में संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, असम :** असम लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी देवराज उपाध्याय ने आज कामरूप जिले में आगामी संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कामरूप जिले का दौरा किया और 8 जून को होने वाली परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस बैठक में कामरूप के उपायुक्त देव कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक रंजन भुइयाँ उपस्थित थे। जिले में परीक्षा के नोडल अधिकारी, अतिरिक्त उपायुक्त



गर्गमोहन दास ने अध्यक्ष को परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए किए गए उपायों की जानकारी दी। कामरूप जिले में यह प्रारंभिक परीक्षा दो केंद्रों–दक्षिण कामरूप कॉलेज और सरला बिड़ला ज्ञानज्योति–में आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग प्रक्रिया, और केंद्रों के भीतर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स या मोबाइल फोन के उपयोग को रोकने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि परीक्षा को असम लोक सेवा आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुचारू और सख्ती से संचालित किया जाए। यह समीक्षा बैठक एकीकृत उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सहायक आयुक्त, विभिन्न परीक्षा केंद्रों के पर्यवेक्षक और विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# असम के 21 जिलों में बाढ़ से 12 लोगों की मौत, बाढ़ से 6.3 लाख से अधिक लोग हुए प्रभावित।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, असम :**लगातार बारिश और ब्रह्मपुत्र नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण असम के 21 जिलों के 6.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, तथा बचाव और राहत कार्य जारी हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ( अरउ्प्रअ ) के अनुसार, इस साल बाढ़ ने 12 लोगों की जान ले ली है, जबकि पांच और मौतें भूस्खलन के कारण हुई हैं। अकेले मंगलवार को ही दो बच्चों समेत छह और लोग



बाढ़ के पानी में डूब गए। एएसडीएमए ने हैलाकांडी, श्रीभूमि, मोरीगांव , कछार, सोनितपुर और तिनसुकिया जिलों में एक-एक मौत की सूचना दी, जबकि कछार में एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिली।इससे राज्य के 21 जिलों में 6.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें हैलाकांडी, लखीमपुर, मोरीगांव , नगांव, श्रीभूमि, कामरूप, होजाई, काछार, गोलाघाट, डिब्रूगढ़, बरपेटा, बिस्वनाथ, सोनितपुर, धेमाजी, माजुली, कार्बी आंगलोंग पश्चिम, दरंग , शिवसागर, तिनसुकिया, दिमा-हसाओ और जोरहाट शामिल हैं। वर्तमान में 69 राजस्व सर्किलों के अंतर्गत 1506 गांव जलमग्न हैं, तथा 14,739.33 हेक्टेयर फसल क्षेत्र जलमग्न है। एएसडीएमए के अनुसार, श्रीभूमि जिला सबसे अधिक प्रभावित है,

जहां 2,31,536 लोग प्रभावित हुए हैं, इसके बाद नागांव (99,819), कछार (89,344), हैलाकांडी (78,038) और लखीमपुर (43,651) का स्थान है । बाढ़ प्रभावित इलाकों में 511 राहत शिविरों और वितरण केंद्रों में 2.57 लाख से ज्यादा लोग शरण लिए हुए हैं । इसके अलावा, मौजूदा संकट में 494,132 पालतू जानवर भी प्रभावित हुए हैं और मंगलवार को बाढ़ के पानी में 151 जानवर बह गए। बता दें कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं, नागरिक सुरक्षा और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की टीमें अधिक बाढ़ प्रभावित इलाकों में बचाव और राहत अभियान चला रही हैं।

## विदेश यात्रा के लिए अनुमति नहीं मांगी': केजरीवाल को बड़ी राहत, पासपोर्ट मामले में कोर्ट ने क्या कहा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
नई दिल्ली । दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को एक बड़ी राहत दी। कोर्ट ने उनके पासपोर्ट के 10 साल के नवीनीकरण पर कोई आपत्ति नहीं जताई है।

राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए एनओसी दे दी है।

सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने कहा कि आवेदक विदेश यात्रा के लिए कोई अनुमति नहीं मांग रहा है, जाहिर है कि वह भविष्य में विदेश यात्रा की योजना नहीं बना रहा है, लेकिन यह भी आवेदक को पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए पूरे 10 साल की अनुमति देने के रास्ते में नहीं आ सकता है। अदालत ने कहा कि उनकी जमानत की शर्तों में पहले से ही यह निर्धारित है कि वह अदालत की औपचारिक अनुमति के बिना विदेश यात्रा नहीं करेंगे। ऐसे में अदालत ने केजरीवाल की याचिका स्वीकार कर ली।

## झमाझम बारिश के लिए हो जाइए तैयार, चार दिन पहले ही दस्तक देगा मानसून

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
नई दिल्ली । बंगाल की खाड़ी में अनुकूल परिस्थितियों के कारण मानसून तेजी से उत्तर भारत की ओर बढ़ रहा है। वहीं, बृहस्पतिवार को आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 और 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

राजधानीवासियों को जल्द गर्मी से राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए मानसून को लेकर ताजा अपडेट जारी किया है। इस बार दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से 3-4 दिन पहले राजधानी दिल्ली में दस्तक दे सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में मानसून 25-27 जून 2025 के बीच पहुंचने की संभावना है, जो सामान्य तारीख 29 जून से पहले है। यह खबर उमस और गर्मी को झेल रहे दिल्लीवासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट पर समय से पांच दिन पहले दस्तक दे चुका है, जो 2009 के बाद सबसे जल्दी आगमन है।

बंगाल की खाड़ी में अनुकूल परिस्थितियों के कारण मानसून तेजी से उत्तर भारत की ओर बढ़ रहा है। वहीं, बृहस्पतिवार को आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 और 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं, मौसम विभाग ने बुधवार को बारिश का यलो अलर्ट जारी किया था। लेकिन, दिन भर सूरज व बादल के बीच लुकाछिपी का खेल जारी रहा और बारिश नहीं हुई।

आया नगर में सबसे अधिक तापमान-आया नगर में बुधवार को अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रिज में 34.7 और पालम व लोधी रोड में 34.3 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। वहीं, रिज में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम 21.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। लोधी रोड में 23.0, पालम और आया नगर में 23.9 डिग्री दर्ज हुआ।

# पेज एक का शेष...

## कांग्रेस के डीएनए में आत्मसमर्पण, भारत कभी नहीं झुकता..

नड्डा ने कहा, भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुस कर उसके 11 एयरबेस को तबाह किया, 9 आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, 150 से ज्यादा आतंकी मारे। पाकिस्तान तो रोते-रोते दुनिया को बता रहा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 18 जगह हमला करके सब कुछ तबाह कर दिया और राहुल गांधी देश के आत्मसमर्पण की बात कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की घोषणा सरकार ने या भाजपा के किसी प्रवक्ता ने नहीं की थी, बल्कि भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने की थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेना की वीरता, शौर्य एवं पराक्रम का उद्घोष है। वास्तव में जिनकी नीतियां आत्मसमर्पण की रही हो, उसे इसके आगे कुछ सूझ भी नहीं सकता – क्यों, ऐसा ही है न राहुल गांधी जी?

भाजपा प्रमुख ने कहा, राहुल गांधी द्वारा भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य एवं पराक्रम को ह्यआत्मसमर्पणह्व कहकर संबोधित करना, न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि भारतीय सेना और राष्ट्र के साथ-साथ 140 करोड़ भारतवासियों का भी घोर अपमान है। अगर कोई पाकिस्तानी भी ऐसा कहता तो हम उस पर हंसते भी लेकिन जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में तबाही मचाई, उसके बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं की, लेकिन राहुल गांधी ऐसा बोल रहे हैं। यह देशद्रोह से कम नहीं है।

राहुल गांधी ने क्या कहा था?– राहुल गांधी ने अपने भोपाल में एक कार्यक्रम में भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ह्यनरेंदर सरेंडरह्व कहकर संबोधित किया था। उन्होंने भोपाल में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक इशारे पर प्रधानमंत्री मोदी झुक गए। उन्होंने कहा था कि भाजपा-आरएसएस पर थोड़ा दबाव डालो तो ये डरकर भाग जाते हैं। ट्रंप ने एक इशारा किया और नरेंद्र मोदी ने झुककर बात मान ली। उनके इस बयान पर अब भाजपा हमलावर हो गई है।

## अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब सेना को बदनाम करना नहीं, राहुल गांधी को इलाहाबाद हाई कोर्ट की फटकार

गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था, क्योंकि उन्होंने कहा था कि चीनी सैनिक अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। यह टिप्पणी 2022 में राजस्थान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई थी। राहुल गांधी ने कहा था कि लोग भारत जोड़ो यात्रा, यहां-वहां, अशोक गहलोत और सचिन पायलट और न जाने क्या-क्या के बारे में पूछेंगे। लेकिन वे चीन द्वारा 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करने, 20 भारतीय सैनिकों को मारने और अरुणाचल प्रदेश में हमारे सैनिकों की पिटाई करने के बारे में एक भी सवाल नहीं पूछेंगे। भारतीय प्रेस उनसे इस बारे में एक भी सवाल नहीं पूछता। क्या यह सच नहीं है? देश यह सब देख रहा है। ऐसा दिखावा न करें कि लोगों को पता नहीं है।

उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया गया था और निचली अदालत ने उन्हें समन जारी किया था। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कार्यवाही और समन को रद्द करने की मांग की। मानहानि की शिकायत सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गांधी ने बहुत ही अपमानजनक तरीके से बार-बार कहा कि चीनी सेना अरुणाचल प्रदेश में हमारे सैनिकों की 'पिटाई' कर रही है।

## 1 मार्च 2027 से शुरू होगी जनगणना दो चरण में होगी गिनती

**पहाड़ी राज्यों में एक अक्तूबर से जनगणना** – सूत्रों के मुताबिक पहाड़ी राज्यों जैसे लद्दाख, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में 1 अक्तूबर 2026 से जनगणना शुरू होगी। वहीं मैदानी इलाकों में जातीय जनगणना की शुरूआत 2027 में होगी। 2027 में जनगणना के बाद से भविष्य में जनगणना का चक्र बदल जाएगा। जो पहले 1951 से शुरू हुआ था वो 2027-2037 और फिर 2037 से 2047।

पहली जनगणना 1872 और आखिरी 2011 में हुई थी– भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74.04 फीसदी था।

**देश में आखिरी बार कब हुई थी जातिगत जनगणना?**

देश में जनगणना की शुरूआत 1881 में हुई थी। पहली बार हुई जनगणना में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए थे। इसके बाद हर दस साल पर जनगणना होती रही। 1931 तक की जनगणना में हर बार जातिवार आंकड़े भी जारी किए गए। 1941 की जनगणना में जातिवार आंकड़े जुटाए गए थे, लेकिन इन्हें जारी नहीं किया गया। आजादी के बाद से हर बार की जनगणना में सरकार ने सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के ही जाति आधारित आंकड़े जारी किए। अन्य जातियों के जातिवार आंकड़े 1931 के बाद कभी प्रकाशित नहीं किए गए।

## बंगलूरू भगदड़ में 11 लोगों की मौत, 33 घायल

आरसीबी की जीत ने शहर में उत्सव का माहौल बनाया था, लेकिन यह खुशी जल्द ही त्रासदी में बदल गई। सोशल मीडिया पर एक प्रशंसक ने लिखा, 'यह सिर्फ. एक खेल है, इसके लिए जान गँवाना ठीक नहीं। प्रशासन को बेहतर इंतजाम करने चाहिए थे।' कई लोगों ने आयोजकों और स्थानीय प्रशासन पर भीड़ प्रबंधन में लापरवाही का आरोप लगाया है। विपक्षी नेताओं ने भी सरकार की तैयारियों पर सवाल उठाए यह पूछते हुए कि परेड रद्द होने की सूचना समय पर क्यों नहीं दी गई।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के लिए मुफ्त इलाज की घोषणा की। उन्होंने इस घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त दिशानिर्देश लागू करने की बात कही है।

## पाकिस्तान को एडीबी से सहायता मिलने का भारत ने किया कड़ा विरोध, धन के दुरुपयोग की जताई आशंका

जीडीपी में गिरावट के बावजूद पाकिस्तान का रक्षा क्षेत्र पर खर्च बढ़ रहा–भारत ने कहा कि पाकिस्तान की कर संग्रहण क्षमता जीडीपी के अनुपात में चिंताजनक रूप से घटी है। वित्त वर्ष 2018 में जहां यह आंकड़ा 13.0% था, वहीं वित्त वर्ष 2023 में यह गिरकर महज 9.2% रह गया है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र के औसत 19.0% से काफी कम है। इस राजस्व में गिरावट के बावजूद, पाकिस्तान ने इसी अवधि के दौरान रक्षा व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की। भारत ने चेतावनी दी कि यह पैटर्न अंतरराष्ट्रीय फंड के संभावित डायवर्जन को दर्शाता है। भारत ने एडीबी प्रबंधन से विकास संसाधनों के इस तरह के दुरुपयोग को रोकने के लिए वित्तपोषण को पर्याप्त रूप से सुरक्षित करने का आग्रह किया।

भारत ने एडीबी और आईएमएफ के प्रभाव पर भी उठाया सवाल –भारत ने पिछले एडीबी और आईएमएफ कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर भी आपत्ति जताई । पाकिस्तान ने वर्षों के संस्थागत समर्थन के बावजूद अपने 24वें बेलआउट कार्यक्रम के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से संपर्क किया है। भारत ने आर्थिक मामलों में पाकिस्तान की सेना के हस्तक्षेप को स्थायी सुधारों के लिए सबसे बड़ा रोड़ा बताया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान में सरकार सत्ता में है, इसके बावजूद सेना घरेलू राजनीति में बड़ी भूमिका निभाती आ रही है और अर्थव्यवस्था पर नियंत्रण बढ़ा रही है। भारत ने आपत्ति जताई की एडीबी और आईएमएफ की वित्तीय सहायता का दुरुपयोग करके पाकिस्तान क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। एडीबी की ओर से इस पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं है। लेकिन भारत की ओर से दर्ज आपत्तियों ने दक्षिण एशिया में वित्तीय सहायता के भविष्य से जुड़ी बहस तेज कर दी है।

## महाराष्ट्र की राजनीति में दिखेगा अब तक का सबसे अलग 'भाई' चारा, BMC चुनाव में साथ आएंगे उद्धव-ओवैसी?

कि मैं उद्धव ठाकरे और असदुद्दीन ओवैसी दोनों को साथ आते देखना चाहता हूँ। हम आदित्य ठाकरे के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करेंगे। धर्म हमारे लिए कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है– हम विकास पर केंद्रित चर्चा के लिए तैयार हैं। अगर कोई हमें विकास पर बातचीत के लिए आमंत्रित करता है, तो हम सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

मुफ्ती ने आगे कहा कि हालांकि, अंतिम निर्णय एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर निर्भर करेगा। पिछले विधानसभा चुनावों में, हमने गठबंधन बनाने का प्रयास किया था। हम महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन हमें शामिल नहीं किया गया। उन्होंने अब निमंत्रण दिया है, लेकिन हमें अभी भी संदेह है कि क्या वे वास्तव में हमें शामिल करेंगे। बृहन्मुंबई नगर निगम चुनाव के नजदीक आते ही शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपने चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के नेता राज ठाकरे के साथ सुलह करने की इच्छा जताई है। मुंबई में शिवसेना की ट्रेड यूनियन शाखा भारतीय कामगार सेना द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए, उद्धव ने महाराष्ट्र की भाषा, संस्कृति और विकास के व्यापक हित में पिछले मतभेदों को दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

यह सुलह का इशारा राज ठाकरे द्वारा फिल्म निमार्ता महेश मांजरेकर के साथ एक पॉडकास्ट के दौरान हाल ही में की गई टिप्पणियों के बाद आया है, जहाँ उन्होंने राज्य के व्यापक हित के लिए छोटी-मोटी असहमतियों को दरकिनार करके उद्धव ठाकरे के साथ काम करने के लिए खुलापन व्यक्त किया था। उद्धव ने कहा कि हमें छोटे-मोटे विवादों से आगे बढ़ना चाहिए। मैं सभी मराठी भाषी लोगों से महाराष्ट्र और मराठी भाषा के हित के लिए एकजुट होने की अपील करता हूं। उन्होंने सामूहिक कार्रवाई के महत्व को रेखांकित किया, खासकर महाराष्ट्र से गुजरात में उद्योगों के स्थानांतरण के मौजूदा मुद्दे के जवाब में – एक मुद्दा जिसके बारे में उनका दावा है कि लोकसभा चुनावों के दौरान राज से इस मुद्दे को पर्याप्त समर्थन नहीं मिला।

## पंजाब से एक और यूट्यूबर गिरफ्तार: पाकिस्तान के लिए करता था जासूसी

जांच से पता चला है कि जसबीर दानिश के निमंत्रण पर दिल्ली में पाकिस्तान राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम में शामिल हुआ था, जहां उसने पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों और व्लॉगर्स से मुलाकात की थी। वह तीन मौकों (2020, 2021, 2024) पर पाकिस्तान गया था और उसके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में पाकिस्तान के कई नंबर थे, जिनकी अब विस्तृत फोरेंसिक जांच की जा रही है।

मोहाली में केस दर्ज-ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद, जसबीर ने पहचान से बचने के लिए इन पीआईओ के साथ अपने संचार के सभी निशान मिटाने का प्रयास किया। उसके खिलाफ एसएसओसी मोहाली में एक केस दर्ज किया गया है।

ज्योति से पूछताछ के दौरान नाम आया था सामने – हिसार की ज्योति मल्होत्रा से पूछताछ के दौरान भी जसबीर का नाम सामने आया था। दोनों पाकिस्तान तीन-तीन बार पाकिस्तान जा चुके हैं। वहीं आरोपी जसबीर भी पीआईओ दानिश के संपर्क में था। इसके फोन से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अफसरों के भी नंबर मिले हैं। ये नंबर उसने अलग-अलग नामों से सेव किए हुए थे।

जसबीर के खिलाफ हैं तीन आरोप –यूट्यूबर जसबीर सिंह के वकील एडवोकेट माधव शुक्ला ने बताया कि जसबीर सिंह को कल गिरफ्तार किया गया था...अदालत ने उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा था। सात जून को उसे फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस की एफआईआर के अनुसार, उसके खिलाफ 3 आरोप हैं। पहला यह कि उसे विदेशी फंडिंग मिलती है, दूसरा यह कि उसका आईएसआई से संबंध है, तीसरा यह कि उसके पास संवेदनशील डेटा है।

शुक्ला ने कहा कि जब भी जसबीर सिंह को बुलाया जाता था, तो वे एक जिम्मेदार नागरिक की तरह राज्य विशेष अभियान सेल के सामने पेश होते थे। अगर उनका कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा होता, तो वे ऐसा नहीं करते। हमने बैंक स्टेटमेंट, वित्तीय डेटा और फोन जमा किए हैं, लेकिन राज्य विशेष अभियान सेल ने इन सब पर ध्यान नहीं दिया। जसबीर सिंह को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया...पुलिस ने रिकॉर्ड पर कुछ भी नहीं बताया है कि वे किसके संपर्क में थे, उनके संवाद का तरीका और पैसे ट्रांसफर करने का तरीका...उनके पास बस एक साधारण आरोप है कि उनका आईएसआई से संबंध है।

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

लोकसभा में कितना काम हुआ?

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया था कि संसद के निचले सदन में 26 बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि कुल उत्पादकता लगभग 118 प्रतिशत रही।' उन्होंने बताया कि बजट सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पेश किए गए। वक्फ संशोधन विधेयक और मुस्लिम वक्फ (निरसन) विधेयक सहित 16 विधेयक पारित किए गए।

# आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत निस्तारण में मेरठ रेंज तीसरी बार प्रथम

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली में माह मई 2025 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर डीआईजी रेंज कलानिधि नैथानी ने बताया गया कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह मई 2025 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए उनका शासन की मंशानुरूप समयबद्ध विधिक निस्तारण कराया गया, जिससे आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- मई 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की जारी की गई रैकिंग में मेरठ परिक्षेत्र द्वारा लगातार तीसरी बार प्रथम




स्थान प्राप्त किया गया है। उन्होंने निर्देश दिये कि पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो की जांच हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर गुणवत्ता के आधार पर जांच करे, फोन द्वारा अथवा थाने पर ही बैठकर जांच रिपोर्ट प्रेषित न करे। आईजीआरएस प्रा0पत्र की जांच आख्या अपलोड करने से पूर्व थाना प्रभारी स्वयं भी फीडबैक लेकर आख्या अपलोड कराये। पोर्टल से प्राप्त शिकायतो व फीडबैक सम्बन्धी थानो पर बनाये गये रजिस्टरो को अद्यावधिक रखा जाए। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो की समीक्षा प्रत्येक 15 दिवस मे नोडल अधिकारी स्वयं करे। पोर्टल पर प्राप्त शिकायत की घटनास्थल की भौगोलिक स्थिति जांच आख्या मे उल्लेखित करे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 53वां जन्मदिन आज हिंदू युवा वाहिनी धूमधाम से मनाएगी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बागपत। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 53वां जन्मदिन आज (5 जून) को हिंदू युवा वाहिनी झ जनपद बागपत के कार्यकताओं द्वारा अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक विशेष भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### कार्यक्रम की झलकियाँ:

दीप प्रज्वलन एवं केक कटिंग
मुख्यमंत्री जी के दीघार्यु की कामना
देशभक्ति गीतों और नारों से उत्सव का रंग
कार्यकताओं द्वारा सेवा भावना का संकल्प
कार्यक्रम स्थलः

**कृष्णा मार्किट, 709 बी, दिल्लीझ्रसहारनपुर हाईवे, बड़ी नहर के पुल के समीप, बड़ौत**

हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों का कहना है कि यह आयोजन सिर्फ एक जन्मदिन समारोह नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री योगी जी के राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों के प्रति कृतज्ञता और सेवा भाव को समर्पित श्रद्धांजलि भी है।

कार्यक्रम की अगुवाई जिला प्रभारी आलोक शास्त्री, जिला अध्यक्ष संजीव तोमर, मंत्री अनुराग मोहन तथा जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी जर्नलिस्ट सुरेंद्र मलानिया करेंगे। कार्यक्रम स्थल को भगवा ध्वजों, पुष्पों और भारत माता की जयकारों से सजाया गया है।

विशेष अतिथिः इस समारोह में क्षेत्रीय फिल्म कलाकार राजवीर दांगी एवं मातृशक्ति की प्रतीक ऊषा देवी (मां) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। दोनों अतिथि अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोककल्याणकारी कार्यों और राष्ट्र सेवा को लेकर विचार साझा करेंगे।

# समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों से सीख रहे हैं यूपीएस तितरौदा के छात्र-छात्राएं

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



बिनौली/बागपत। उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे समर कैंप (21 मई से 6 जून तक) के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय तितरौदा में इन दिनों बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रचनात्मक और शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता, चार्ट निर्माण, तथा मिट्टी से पशु-पक्षियों, कच्चे घरों और टीएलएम (टिचिंग लर्निंग मटीरियल) का सृजन कर अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रधानाचार्य डॉ. मनोज बिश्नोई ने बच्चों को शीर्षासन, ताड़ासन, वृक्षासन और त्रिकोणासन का प्रदर्शन कर योगाभ्यास का महत्व समझाया। उन्होंने जल संरक्षण पर विशेष संदेश देते हुए 'जल नीति' का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया।

कैंप प्रभारी विनीत चौहान और रीना बच्चों को प्रतिदिन भिन्न-भिन्न खेलों, लेखन, कला और शारीरिक अभ्यास के माध्यम से न सिर्फ पढ़ा रहे हैं बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और सृजनशीलता की दिशा में प्रेरित भी कर रहे हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी राशिद अहमद सिद्दीकी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती गीता चौधरी ने विद्यालय का दौरा कर बच्चों की गतिविधियों की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि यह समर कैंप बच्चों के बौद्धिक, सामाजिक और शारीरिक विकास के लिए एक सराहनीय पहल है।

प्रतिदिन तीन घंटे चलने वाले इस कैंप में छात्र-छात्राओं को पोषण आहार भी वितरित किया जा रहा है, जिससे उनका स्वास्थ्य भी बना रहे और वे ऊर्जा के साथ सीख सकें।

इस अवसर पर खुशी, राशि, अमन, अंशिका, आदित्य, हार्दिक, इकरार और उस्मान आदि मौजूद रहे।

## वाणी गोयल मैमोरियल हॉकी 7 जून से

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। आगामी 7 जून से सनातन धर्म इंटर कॉलेज के मैदान पर वाणी गोयल मैमोरियल द्वितीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। जो 9 जून तक चलेगी। उक्त जानकारी सनातन धर्म इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेश चन्द गोयल ने बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि, शनिवार 7 जून से वेस्ट एंड रोड स्थित सनातन धर्म इंटर कॉलेज के मैदान पर तीन दिवसीय हाकी प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि, इस हाकी प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर राज्यसभा सांसद डा लक्ष्मीकांत वाजपेई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जबकि, फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि भाजपा से कैंट विधायक अमित अग्रवाल रहेंगे। उन्होंने बताया कि, मैच के दौरान सभी खिलाड़ियों को रिफ्रेशमेंट तो दिया ही जाएगा। लेकिन जो भी खिलाड़ी मैच के दौरान बढ़िया परफॉर्मेंस देंगे उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, प्रबंधन समिति यह चाहती है कि, भविष्य में एसडी सदर से ऐसे प्लेयर भारतीय हॉकी टीम के लिए खेलें जो पूरी दुनिया में भारत और एसडी सदर का नाम रौशन करें।

# हापुड़ में छिजारसी टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों की गुंडई

## पेमैंट डिटैक्ट न होने पर कार मालिक से उतरवा ली सोने की अंगूठी।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

हापुड। पिलखुवा स्थित हाइवे NH 9 पर छिजारसी टोल प्लाजा पर एक बार फिर टोल कर्मियों की गुंडई एक बार फिर सामने आई है । यहां टोल कर्मियों ने एक कार का फास्टैग से टोल डिटैक्ट न होने पर कार सवार की सोने की अंगूठी को उतरवा लिया। घटना की शिकायत कार सवार के मालिक दीपक चौहान ने हापुड़ एसपी ज्ञानंजय सिंह से लिखित में की है और आरोपी टोल कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात हापुड़ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह चौहान एडवोकेट का सहायक वकील असीम चौधरी हापुड़ से दिल्ली



एयरपोर्ट के लिए कार से जा रहा था। जैसे ही वह पिलखुवा कोतवाली अंतर्गत छिजारसी टोल प्लाजा पर पहुंचा ,तभी कार में लगा फास्टैग छिजारसी टोल प्लाजा पर टैक्नीकल कारणों की वजह से डिटैक्ट नहीं हुआ, इसके बाद टोल प्लाजा पर तैनात टोलकर्मियों ने गुंडई करते हुए चालक असीम चौधरी से गाली गलौज और अभद्रता की और टोल न करने के कारण असीम से सोने की अंगूठी छीन ली और उसके साथ मारपीट कर उसे भगा दिया । घटना से जुड़ा सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कार सवार की टोलकर्मियों से नोंकझोंक हो रही है। पीड़ित नें घटना की शिकायत एसपी हापुड़ ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है; जांच की जा रही है , कार्यवाही की जाएगी।

# बढ़े हुए कर के विरोध में एमएलसी से मिल व्यापारियों ने जताया विरोध

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



गाजियाबाद। बढ़े हुए गृहकर को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को व्यापारियों ने बढ़े हुए गृहकर के विरोध में एमएलसी दिनेश गोयल से मुलाकात कर बढ़े हुए गृहकर को लेकर विरोध दर्ज कराया।

महानगर उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान व महामंत्री अशोक चावला ने बताया कि शहर में नगर निगम की ओर से आवासीय व व्यवसायिक कर में तीन से पांच गुना तक वृद्धि कर लोगों को नोटिस जारी किया जा रहा है। कहीं-कहीं यह दस गुना तक है। इससे आम जनता के साथ ही व्यापारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जबकि नगर निगम अधिनियम की धारा 174 (ख) के अनुसार दो साल में सिर्फ एक बार ही कर वृद्धि का नियम है। जो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर निगम की ओर सदस प्रतिशत वृद्धि की जा चुकी है। ऐसे में दोबारा से लोगों पर बढ़े हुए कर का बोझ डाला जा रहा है। नगर निगम में वर्तमान में जिन किराए की दरों पर संपत्ति कर की दरें लागू की गईं हैं। उन्हें तीन से पांच गुना तक एक साथ बढ़ाना किसी भी तरह से उचित नहीं होता है।

मुलाकात करने वालों में चेयरमैन बृजमोहन सिंगल, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजदेव त्यागी, उपाध्यक्ष मोनू गोयल, युवा जिला महामंत्री डॉ. रघुराज, महामंत्री वसीम अली, संजय नगर व्यापार मंडल के चैयरमैन प्रदीप गर्ग, अध्यक्ष विपिन गोयल, महामंत्री हरीश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा त्यागी समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

# डग्गामार बसों के रूट को लेकर बस मालिकों के गुर्गो का आतंक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

हापुड। कोतवाली गढ़मुक्तेश्वर से सामने आई गुंडाराज की तस्वीरें जिसमें हाइवे पर सरेआम फायरिंग होती दिख रही है।

आपको बता दें कि यूपी के जनपद हापुड से होकर दिल्ली लखनऊ हाइवे ठल्र 9 गुजरता है जो अति व्यस्ततम हाइवे है जिससे लाखों सवारी और बसें प्रतिदिन गुजरती हैं । सरकारी रोडवेज बसों और परमिट वाली निजी बसों के साथ ही यहां से अवैध रूप से डग्गामार बसें भी चलती हैं । इन डग्गामार बसों से सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व की प्रतिदिन की हानि भी होती है। लेकिन अधिकारियों को महिना देकर यह बसें प्रतिदिन हाइवे पर दौड़ती रहती हैं । अधिक कमाई को लेकर इन डग्गामार बसों के मालिकों और कर्मचारियों के बीच आए दिन झगड़ा और लड़ाई होते रहते हैं । बीती देर रात्रि में भी एक बस मालिक हाइवे पर पहुंचा और डग्गामार डबलडेकर बस के ड्राइवर और कर्मचारी से सवारियों को बैठाने को लेकर झगड़ते हुए गाली गलौज करने लगा । इसके बाद उसने बस के ड्राइवर पर सरेआम फायरिंग शुरू कर दी जिससे वहां अफरातफरी का माहौल बन गया । इसी बीच कुछ लोगों ने फायरिंग करते युवक की वीडियो बना ली और उसको पकड़ने के लिए भागे जिससे युवक फायरिंग करते हुए मौके से भाग गया । इस मामले में गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गढ़ के सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि देर रात्रि एक डग्गामार बस के मालिक ने दूसरी बस के ड्राइवर पर फायरिंग की घटना कारित की थी जिसकी वीडियो भी जानकारी में आई है , मुकदमा दर्ज किया गया है , जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## समीक्षा बैठक से उठकर चले गए बैंक अधिकारी

हापुड़। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को लेकर बुधवार को सीडीओ हिमांशु गौतम ने दूसरे दिन भी समीक्षा के लिए बैठक बुलाई। बैठक में यूपी ग्रामीण प्रथमा बैंक के प्रबंधक ने सीडीओ से अभद्रता का प्रयास किया और बीच में ही बैठक छोड़कर चले गए। सीडीओ ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए बैंक के उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। विकास भवन के सभागार में बुधवार को बैठक में एक-एक कर सभी बैंकों के कार्यों की समीक्षा की गई। इस बीच प्रथमा बैंक के मैनेजर से भी योजना की जानकारी की गई, लेकिन उन्होंने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। यहां तक कि सीडीओ की फटकार के बाद बैठक के बीच में ही वह उठकर चले गए।

# गंगा एक्सप्रेसवेः मेरठ समेत कुल 91 फीसदी निर्माण पूरा, बदायूं तक जुलाई में सेक्शन पूरा करने का लक्ष्य

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

मेरठ। मेरठ में गंगा एक्सप्रेसवे का मेरठ में 22 किमी. का सौ फीसदी काम पूरा हो गया है और बिजौली में तैयार इंटरचेंज अब लाइटों से जगमगाने भी लगा है। मेरठ से प्रयागराज जाने वालों के लिए इस एक्सप्रेसवे से काफी राहत मिलेगी।

गंगा एक्सप्रेसवे का मेरठ सेक्शन बनकर तैयार हो गया है। हापुड़ रोड पर बिजौली से शुरू हो रहे मेरठ से प्रयागराज तक जाने वाले गंगा एक्सप्रेसवे का मेरठ में 22 किमी. का दायरा है। इस पर सौ फीसदी काम पूरा हो गया है और बिजौली में तैयार इंटरचेंज अब लाइटों से जगमगाने भी लगा है। बारह चरणों में बन रहे एक्सप्रेसवे का कुल 91 फीसदी काम पूरा हो गया है। बदायूं तक का सेक्शन जुलाई में तैयार होने का लक्ष्य है।

प्रदेश सरकार ने फरवरी में बजट के दौरान गंगा एक्सप्रेसवे को हरिद्वार से जोड़ने की घोषणा करते हुए 50 करोड़ का बजट भी इसके लिए आवंटित किया गया। हरिद्वार से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेसवे के जुड़ने से पूरब से पश्चिम तक सभ्यता और संस्कृति एक सूत्र में बंध जाएंगे।

अभी इसका अलाइनमेंट तय होना है। वहीं, 27 अप्रैल को गढ़मुक्तेश्वर में एक्सप्रेसवे पर बने हैलीपेड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण किया था और काम को गुणवत्तापरक करने के निर्देश दिए थे। इसी के साथ काम लगातार तेजी के साथ किया जा रहा था।

गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण 12 चरणों में ही किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर 36,400 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। अभी यह छह लेन का एक्सप्रेसवे है लेकिन बाद में इसे आठ लेन तक चौड़ा किया जा सकेगा। 594 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे 12 जिलों के 518 गांवों से होकर गुजरेगा।

मेरठ में इसकी लंबाई 15 किमी. है, जिसमें 43 स्ट्रक्चर तैयार करने का दावा है। मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर बिजौली गांव से शुरू होकर गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज में एनएच 19 पर जुदापुर दादू गांव के पास तक होगा। गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ के बाद ये हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ से होता हुआ प्रयागराज पर खत्म होगा।

# भूमाफियों से पूर्व ज़िला पंचायत सदस्या को जान का खतरा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो ।**



गाजियाबाद,मोदीनगर । पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीपा त्यागी ने सरकारी जमीन को भूमाफियों से बचाने की जो मुहिम शुरू की थी, वह अब उनकी जान के लिए खतरा बनती जा रही है। मिल रही धमकियों और पीछा करने की घटनाओं के बाद पीड़िता ने निवाड़ी थाने में तहरीर दी थी,जिस पर डीसीपी ग्रामीण के आदेश के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि पिछले कई वर्षों से तहसील मोदीनगर के ग्राम भनेड़ा में राज्य सरकार की भूमि पर हुए अवैध कब्जे के खिलाफ आवाज उठा रही हैं, जिसको लेकर कई बार अधिकारियों को अवगत कराया कि ग्राम समाज की भूमि पर स्थानीय भूमाफियाओ ने अवैध रूप से कब्जा जमा रखा है।

उन्होंने मीडिया और प्रशासन के सामने इसके सबूत भी साझा किए और मुख्यमंत्री से लेकर स्थानीय प्रशासन को भी कई बार इसकी शिकायत भी की है इस पर कार्रवाई करते हुए एक बार तहसील प्रशासन ने जमीन को कब्जा मुक्त भी कराया था लेकिन जैसे ही स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी बदलते है भूमाफिया द्वारा फिर से अवैध कब्जा जमा लिया जताता है जिस कारण यह लड़ाई और लंबी होती जा रही है

नेशनल प्रेस टाइम्स से बातचीत में दीपा त्यागी कहती हैं कि मैं ये लड़ाई अपने लिए नहीं, समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए लड़ रही हूँ। सरकारी जमीनें जनता की संपत्ति हैं उन्हें बचाना हर नागरिक का कर्तव्य है।

देखना होगा कि इस साहसी महिला को प्रशासन समय रहते सुरक्षा देगा या एक और सत्य की आवाज साजिशों की शिकार हो जाएगी...?

**विरोध** | **कस्बा निवाड़ी में स्मार्ट मीटर के खिलाफ पंचायत**

# किसानों-मजदूरों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो ।**

मोदीनगर । कस्बा निवाड़ी में बुधवार को पुरानी टंकी के पास किसान-मजदूर पंचायत का आयोजन हुआ, जिसमें विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का जोरदार विरोध किया गया। पंचायत में भारी संख्या में किसान, मजदूर, और जनप्रतिनिधि शामिल हुए और सभी ने एक स्वर में इस व्यवस्था को गरीब विरोधी बताया।

पंचायत की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी ने की और संचालन वीरेंद्र त्यागी ने किया । वक्ताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर गरीब किसानों और मजदूरों पर एक और आर्थिक बोझ की तरह थोपे जा रहे हैं। यह व्यवस्था ह्यरिचार्ज सिस्टमह्न की तर्ज पर चलेगी, यानी जब तक भुगतान नहीं होगा, तब तक बिजली नहीं



मिलेगी।

किसानों ने खुलकर कहा कि उनकी आमदनी फसलों पर निर्भर करती है, जो साल में एक या दो बार ही मिलती है। ऐसे में हर महीने बिजली का बिल भरना उनके लिए कठिन है। कभी-कभी फसलें बारिश या ओलावृष्टि से नष्ट हो जाती हैं, जिससे आमदनी शून्य हो जाती है।

सभा में तय हुआ कि यदि यह फैसला वापस नहीं लिया गया, तो क्षेत्र में बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

इस अवसर पर ॉ1.स्रीविवेक त्यागी,आदित्य त्यागी, राजन त्यागी, विक्की त्यागी, मंगेश्वर, नितिन, जगदीश, अंकित त्यागी, सुबोध त्यागी, जयकुमार फौजी, शेखर त्यागी, देवांश त्यागी, प्रदीप गोयल, आशीष, राहुल, राज प्रकाश त्यागी, आर्य कृष्ण त्यागी, सचिन, जय भगवान फौजी, निक्कू त्यागी, गौरव त्यागी और अनेक स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## संपादकीय

# संचारक और राष्ट्र निर्माण

आलेख : डॉ. अंशुला गर्ग

लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ कहलाए जाने वाला मीडिया यानि कि संचारकों की एक टोली भारत देश का एक अभिन्न अंग प्रतीत होता है, जिससे लगता है राष्ट्र निर्माण की संपूर्ण जिम्मेदारी संचारकों पर ही है। विश्लेषण करने पर मालूम पड़ता है कि संचारकों ने विभिन्न प्रकार से राष्ट्र निर्माण में पूर्ण रूपेण अपनी भूमिका निभाई है। जिसमें सूचना का प्रचार व प्रसार, विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर चर्चा में बढ़ोतरी, सकारात्मक संदेश व विमर्श को लेकर जनता के मध्य पहुंचाना, गलत सूचनाओं का विरोध व सही का समर्थन, संपूर्ण समाज में सामंजस्य और एकता की स्थापना, शिक्षा के माध्यम से जनजागरूकता, विभिन्न संचार कौशल का नागरिक पत्रकारों को प्रशिक्षण, समाज के कमजोर वर्ग का सशक्तिकरण, सामुदायिक व आर्थिक विकास, नैतिक मूल्यों के प्रति जनजागरूकता, संचार प्रौद्योगिकी के द्वारा डिजिटलीकरण के प्रति जानकारी और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र की पहचान आदि प्रमुख योगदान संचारकों द्वारा दिए गए हैं। सूचनाओं के आदान प्रदान में संचार साधनों ने सजग प्रहरी का कार्य किया है।

विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन को विकास की संज्ञा दी जाती है। विकास और संचार एक ही सिक्के के दो पहलू है। समाज का निर्माण एवं विकास पारस्परिक संबंध व आपसी जागरूकता के परिणामस्वरूप होता है। पारस्परिक संबंध एवं जागरूकता दोनों संचार के बिना संभव नहीं हैं। आज मानव मानव के बीच हम संचार के जिन रूपों को देखते हैं, उन्हें देखते हुए यह कल्पना करना असंभव सा लगता है कि अपनी उत्पत्ति के बाद विकास के आरंभिक दौर में मानव और संचार का रिश्ता क्या रहा होगा। आदिमकाल में मानव पूर्णरूपेण स्वतंत्र था और उसके व्यवहार पर नियंत्रण के लिए कोई सामाजिक नियम आदि नहीं थे। मनुष्य कक्कल प्रकृति के नियमों के अनुसार ही चलता था। मानव सभ्यता के विकास के साथ ही साथ मनुष्य को समूह में रहने और उसके लिए अपने कुछ नियमों की आवश्यकता महसूस हुई। संभवतः इसी आवश्यकता ने मनुष्य और मनुष्य व जीवों के बीच संचार और संवाद को जन्म दिया। इसी संवाद और संचार ने मानव समूहों को एक दूसरे के निकट लाने और उन्हें एक दूसरे के सुख-दुख जानने व उनमें भागीदार बनने में मदद की। इस तरह कई छोटे-छोटे समूह बने और बाद में ऐसे कई समूह आपस में जुड़ने लगे। कालांतर में इन्हीं समूहों के समानधर्मा लोगों ने एक समाज की रचना की। संचार मानव समाज के लिए हवा और पानी की तरह ही महत्वपूर्ण है। व्यक्ति को समाज से और समाज को व्यक्ति से जोड़ने में संचार की महत्वपूर्ण भूमिका है और इस तरह से संचार दोनों के बीच सेतु का काम करता है। समाज में ज्ञान और कौशल का विकास भी संचार के बिना संभव नहीं है। समाज के विकास के साथ ही उसे नियमित और नियंत्रित करने में भी संचार की महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत देश कृषि प्रधान देश है, जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक लोग ग्रामीण क्षेत्र में निवास करते हैं। आज संचार माध्यम के कारण देश के ग्रामीण क्षेत्र भी विकास की ओर बढ़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। संचार साधनों की ग्रामीण निवासय में विकास के विभिन्न पक्षों जैसे कृषि व तत्सम्बन्धी कार्यों, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक व धार्मिक इत्यादि में अत्यधिक भागीदारी रही है।

संचार सेवाएँ किसी भी समाज की प्रगति का एक महत्वपूर्ण घटक हैं। तकनीकी नवाचारों ने संचार के क्षेत्र में बहुत बड़ा प्रभाव डाला है और लोगों के संचार के तरीके में अभूतपूर्व बदलाव लाया है। धुएं के संकेतों, पक्षियों और पत्रों पर निर्भर रहने से लेकर वायरलेस संदेश, फैक्स या टेलीफोन कॉल का इंतजार करने तक, अब हम इंस्टेंट मैसेजिंग के युग में पहुँच चुके हैं। ईमेल, फोन कॉल और मैसेजिंग ऐप जैसे कई तरीके उपलब्ध हैं जो संचार को आसान, प्रभावी और हमारी उंगलियों की नोक पर उपलब्ध बनाते हैं। ज़ूम, स्काइप और गूगल टीम्स जैसे एप्लिकेशन के लोकप्रिय होने से महामारी के दौरान रिमोट वर्क कॉल करने, क्लास लेने और व्यवसाय चलाने में काफी मदद मिली। जनसंचार में उन्नत प्रौद्योगिकी की शुरूआत ने मीडिया को पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली बना दिया। सस्ते स्मार्ट फोन, इंटरनेट तक आसान पहुंच के कारण मीडिया चंद सैकेंड में सूचना का प्रसार करने में सक्षम है जोकि जल्दबाजी में और अस्पष्ट सार्वजनिक दृष्टिकोण बनाने का मुख्य स्रोत है। हालांकि, हमें सावधान रहना चाहिए कि जिस तरह अचानक आई हुई बाढ़ मानवता के लिए तबाही लाती है, उसी तरह सार्वजनिक स्थान पर अनर्गल सूचनाओं की बमबारी भी तबाही का कारण बन सकती है। गांधीजी के शब्दों में ह्रास्प्रेस एक महान शक्ति है, लेकिन जैसे अनियंत्रित जल धारा समूचे क्षेत्र को जलमग्न कर देती है और फसलों को तबाह कर देती है वैसे ही बेलगाम कलम सब कुछ नष्ट कर देती है।

# ग्राम सुरसण्डा में चौपाल लगाकर सुनी गई ग्रामीणों की शिकायते




नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
बाराबंकी। मसौली पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निदेशानुसार वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली के नेतृत्व में थाना मसौली की टीम उपनिरीक्षक विपिन कुमार सिंह,उप निरीक्षक अभय गुप्ता महिला आरक्षी रितु सिंह, महिला आरक्षी किरन, कांस्टेबल रत्नेश पांडे ग्राम सुरसण्डा में चौपाल लगाकर आगामी बकरीद मनाने को लेकर सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश व मिशन शक्ति नारी सुरक्षा एंटी रोमियो साइबर जागरूकता के तहत बालिकाओ /महिलाओं को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, व साइबर क्राइम संबंधी अपराध ,यातायात के नियमों , बाल विवाह ,पास्को एक्ट,नये कानून,घरेलू हिंसा, गुड टच ,बैड टच के बारे में अवगत कराया गया और महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर- 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076 ,माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108 ,एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड की जानकारी दी गई।

ग्राम चौपाल में चार शिकायतें भी दर्ज कि गईं? व निस्तारण के लिए टीम गठित की गई इस मौके पर इमाम ईदगाह शमीमुद्दीन, एडवोकेट जब्बार अहमद खां, पत्रकार शाहिद हुसैन,शहजादे, नियाज खां,सिराज अली डाकिया, नुसरत अली, तुषार जायसवाल, पिंटू जायसवाल, गुड्डू जायसवाल, मुन्ना कुरेशी, जाहिद अली,राम प्रसाद कनौजिया, आदि मौजूद रहे।

# ईद-उल-अजहा के मौके पर नगर पंचायत दरियाबाद की सफाई व्यवस्था राम भरोसे

## नगर अध्यक्ष बनी मूकदर्शक जिम्मेदार बने लापरवाह

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
बाराबंकी । आगामी ईदउल अजहा के त्योहार को देखते हुए हर जगह सफाई व्यवस्था हो रही हैं लेकिन नगर पंचायत दरियाबाद पूर्वी फाटक के बारिनबाग मार्ग और अलियाबाद मार्ग पर बने नाले गंदगी से खचाखच भरे हुए हैं।? नगर अध्यक्ष सहित अन्य जिम्मेदार की लापरवाही से व्याप्त नाले नालियों की गंदगी से लोगों को भंयकर बीमारी फैलने और बीमारी का शिकार होने का खतरा सता रहा है। परन्तु समस्या पर लापरवाही के चलते नगर पंचायत के जिम्मेदार ध्यान नहीं दे



रहे हैं। हालात यह है कि नगर वासी अब साफ सफाई को लेकर परेशान हैं। अगर यही हाल रहा को लोग अपने हाथों से साफ साफ सफाई करने पर मजबूर हो जाएंगे, जिला अधिकारी साफ सफाई व्यवस्था पर पूरा ध्यान दे रहे हैं जिससे जनता तो कोई परेशानी ना हो और किसी बीमारी का सामना न करना पड़े, मगर अफसोस की बात यह है कि नगर पंचायत दरियाबाद के सफाई कर्मचारी वा नगर पंचायत अधिकारी जिला अधिकारी का आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं,अगर सूत्रों की माने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भी कोई साफ सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, ऐसी स्थिति में इसे नगरवासियों का दुर्भाग्य ही माना जा सकता है।

# दरियाबाद के खूंटी मंदिर में कन्या भोज

## कन्याओं को अंगवस्त्र और उपहार भेंट, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद।



नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
बाराबंकी। दरियाबाद कस्बे के ग्राम चमारन सरैया स्थित खूंटी मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। ब्रजवीर बाबा के स्थान पर आयोजित इस कार्यक्रम में मंदिर के महंत अमन दास बाबा ने कन्या भोज का आयोजन किया। महंत अमन दास बाबा ने कन्याओं को अंगवस्त्र और उपहार भेंट किए। कन्या भोज के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव और आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में राम सागर वर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, देवानंद, राम विलास, नन्कू परमेश्वर और मुकेश विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अमेठी में युवक की गला रेत कर हत्या, घटना का शीघ्र होगा खुलासा : पुलिस अधीक्षक

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
अमेठी । जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे राम चौहान का पुरवा गांव में 22 वर्षीय एक युवक की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई पुलिस जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर कोरी(22) पुत्र सिद्धार्थ निवासी पूरे राम चौहान का पुरवा मजरे पुन्नुपुर का शव आज गांव के ही एक व्यक्ति की सरिया( पशु रखने का स्थान) से बरामद हुआ है ,युवक बीती रात से गायब था। प्रभारी निरीक्षक



मृतक की फाइल फोटो

थाना संग्रामपुर बृजेश सिंह ने बताया कि मृतक के हाथ पैर रस्सी से बंधे थे व उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान मिले हैं प्रथम दृष्टया गला धारदार हथियार से रेता गया प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले में कानूनी कार्यवाही जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और परिवार के साथ ही गांव के लोगों से जानकारी ली एसपी ने कहा कि शीघ्र ही आरोपी गिरफ्तार किये जायेंगे। मौके पर पहुंची मृतक सागर की मंगेतर ने बताया कि उसने दो माह पहले किसी लड़की और लड़के का वीडियो बनाया था। युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम सिंह ने कहा कि युवक के हत्या के कारणों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। बसपा के सेक्टर जोन इंचार्ज नरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में शोक का माहौल बना हुआ है भारी फोर्स बल तैनात है। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष ऋषि गौतम आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र कोरी आदि ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# जच्चा-बच्चा की मौत से परिजनों भारी आक्रोश, अस्पताल में किया हंगामा



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
अमेठी। मुंशीगंज रोड स्थित फायरब्रिगेड के पास एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने इलाज के नाम पर 3 लाख रुपए वसूले लेकिन समय पर सही इलाज नहीं किया जिससे जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई। नर्सिंग होम संचालक ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। जिसके बाद परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के भगनपुर निवासी श्रीराम यादव अपनी गर्भवती पत्नी ऊषा यादव का प्रसव कराने मंगलवार की रात मुन्शीगंज रोड स्थित एक नर्सिंग होम पहुंचे। जहां डाक्टरों ने इलाज शुरू किया। बुधवार की भोर महिला की हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने उसे रेफर कर दिया।परिजन उसे इलाज कराने संजय गांधी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने महिला व उसके पेट में पल रहे बच्चे की मौत होने की पुष्टि की। जिसके बाद नर्सिंग होम पहुंचकर परिजन हंगामा करने लगे। मामले की गंभीरता को देख नर्सिंग होम संचालक ने मृतक के परिजनों को समझा-बुझकर मामला शांत कराया।जिसके बाद परिजन बिना शव का पोस्टमार्टम कराए ही घर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं लोगों का कहना है कि अब अमेठी में एक मां और उसके नवजात की जान की कीमत महज 3 लाख रह गई है यह सवाल न सिर्फ चिकित्सा व्यवस्था पर बल्कि मानवता पर भी एक गहरा धब्बा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने कहा कि मामले की जांच के लिए टीम भेजी गई है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# महास्नान उपरांत शिव परिवार की भव्य शोभायात्रा निकाली गई


नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
बहराइच। तहसील महसी क्षेत्र के बाजपेईपुरवा गांव स्तिथि दुखहरननाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार से पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को चौथे दिन महास्नान उपरांत शिव परिवार की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दुखहरण नाथ मंदिर बाजपेई पूरवा से आरम्भ होकर ठेकेदारपुरवा, भगवानपुर, रमपुरवा शिव मन्दिर होते हुए बहराइच के पांडवकालीन शिव मंदिर सिद्धनाथ पहुंची पूजा अर्चना पश्चात वहां से पन्नहा शिव मंदिर व बाबाविहारीदास मन्दिर होते हुए पुनः दुखहरण नाथ मंदिर बाजपेई पुरवा आकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान मुख्य यजमान आत्मप्रकाश बाजपेई व उनकी पत्नी ने सभी मंदिरों में



पहुंच कर विधि विधान से पूजा-अर्चना की। शोभायात्रा में काफी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की सभी शोभायात्रा में भगवान भोलेनाथ के भजन गाते और थिरकते नजर आये। इस दौरान वाराणसी से आए उत्सव शुक्ला की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना का कार्य संपन्न कराया। इस मौके पर निरंकार बाजपेई, निर्विकार बाजपेई, रामसर्वज्ञ मिश्रा,अभिनय त्रिपाठी,प्रणव बाजपेई, शांतनु बाजपेई,वैभव बाजपेई, सतेन्द्र मिश्रा,अनुभव बाजपेई,दीपक मिश्रा, अमरेन्द्र मिश्रा, हार्दिक बाजपेई,ओजस बाजपेई, कुन्नू शुक्ला समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ऋतुओं का अता-पता नही,वीरान होती धरती : पर्यावरणविद् डॉ अर्जुन पाण्डेय

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
अमेठी। बुधवार को अमेठी जल बिरादरी की ओर श्री रणंजय इंटर कालेज टेंगहा के सभागार में गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 'जलवायु में हो रहे व्यापक परिवर्तन' विषय पर विचार गोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ।विचार गोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए पर्यावरणविद् डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि तेजी से हो रहे व्यापक जलवायु परिवर्तन से पारिस्थितिक तंत्र में असंतुलन तेजी के साथ बढ़ा है।ऋतुओं का अता-पता नहीं।वीरान होती धरती इसका स्पष्ट प्रमाण है।मात्र कागजी अभियान से समस्या का समाधान असंभव है।गंगा दशहरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए डॉ पाण्डेय ने कहा कि हिमालय बचेगा तभी गंगा बहेगी। गांवों के देश भारत में जल स्वराज से ग्राम स्वराज स्थापित हो सकता है।मुख्य अतिथि जय प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि प्रकृति प्रदत्त उपहार स्वरूप प्राप्त संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग करें।इससे न केवल संसाधनों को संरक्षण मिलेगा जीव-जगत स्वयं सुरक्षित



होगा। अध्यक्षता करते हुए करुणेश चंद्र मिश्र ने कहा कि वर्तमान पर्यावरणीय संकट से निजात पौराणिक ज्ञान से ही संभव है।वृक्ष मित्र टी पी सिंह ने कहा कि पर्यावरणीय असंतुलन दूर हो।इसके लिए पौधरोपण एवं उनका रखरखाव जरूरी है। संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि धरती हरी-भरी बनी रहे वर्षा जल से धरती का पेट भरना जरूरी है।सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल ने कहा कि धरती को बचाने के लिए उद्दाम भोगवाद से ऊपर उठकर आध्यात्मिक सोच अपनाने की जरूरत है। रामेश्वर सिंह 'निराश' ने कहा कि वर्तमान में गीध,गौरैया आदि पक्षियों का विलुप्त होना चिंता जनक है। गोष्ठी को दिनेश शुक्ल,अमर बहादुर सिंह,अनुपम मिश्र, संजय सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया।गोष्ठी में राघवेन्द्र प्रताप सिंह,राजीव मिश्र, अनुराग मिश्र ,दिलीप तिवारी,सोनू मौर्य, शाश्वत मिश्र,अंकित मिश्र आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।गोष्ठी का सफल संचालन प्रकृति प्रेमी समीर मिश्र ने किया।गोष्ठी के उपरांत कालेज परिसर में जलबिरादरी द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

## जिलाधिकारी ने एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की करी समीक्षा

# समस्त कार्यदायी संस्था निमार्णाधीन कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान-जिलाधिकारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

बरेली, । जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा 47.53 लाख रुपए की लागत से क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण किया जा रहा है, जिसे पूर्ण करने की तिथि 30 जून निर्धारित है तथा समय से कार्य पूर्ण ना होने पर रैंक प्रभावित होगी। जिस पर कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि लागत के सापेक्ष 39 लाख रुपए प्राप्त



हुए हैं और 90.6 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है, कार्य पूर्ण करने की तिथि आगे बढ़ाने के लिए पत्र भेजा गया है।

उधर उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर डीसी पंत ने फोन पर बताया है पैसा पूरा न मिलने के कारण कार्य बाधित हुआ है यदि जून माह में बकाया पैसा मिल जाता है तो निश्चित समय के अंदर कार्य पूरा करवा दिया जाएगा ! इसी प्रकार राजकीय पौधशाला डेलापीर, किसान कल्याण केन्द्र फरीदपुर/बिथरीचैनपुर का भी पूर्ण हो चुका है।

बैठक में कार्यदायी संस्था सी एण्ड डी एस ने अवगत कराया कि स्वालेनगर में चार्जिंग स्टेशन इसी माह पूर्ण हो जाएगा। बचपन डे केयर का कार्य पूर्ण करने की तिथि 18 अप्रैल 2026 है। राजकीय पॉलिटेक्निक

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि जनपद में जो भी कार्य निमार्णाधीन हैं या जो कार्य होने हैं उन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए और कार्य की गुणवत्ता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, समस्त कार्यदायी संस्था सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अमरोहा में ईद उल अजहा की तैयारी:मुस्लिम कमेटी ने डीएम-एसपी से की मुलाकात, सुरक्षा और सफाई व्यवस्था की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

अमरोहा- अमरोहा में ईद उल अजहा की तैयारियां जोरों पर हैं। मुस्लिम कमेटी रजिस्टर्ड अमरोहा के अध्यक्ष हाजी खुर्शीद अनवर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित कुमार आनंद से भेंट की।

कमेटी ने त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही सफाई और बिजली की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त करने का आश्वासन दिया।

बैठक में मुस्लिम कमेटी के



चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट मौजूद रहे। हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, मौहम्मद हुसैन एडवोकेट और हाजी मुज़फ्फर अली अंसारी भी उपस्थित थे। अली इमाम रिजवी एडवोकेट समेत कई प्रमुख सदस्यों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

**इन लोगों की रही मौजूदगी**

कमर नकवी, मरगूब सिद्दीकी और फैज आलम राईनी भी बैठक में शामिल हुए। इकराम हुसैन जैदी, फजल चौधरी, मुताजिम अब्बासी और सरकार आलम ने भी बैठक में भागीदारी की। सूफी निशात, शाहबाज अमरोहवी, आलम खान, अफसार बखश और नासिर मंसूरी भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा दशहरा मेले की तैयारियों का तहसीलदार ने किया निरीक्षण



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद क्षेत्र के ढकुरिया घाट पर 5 जून को आयोजित होने वाले गंगा दशहरा स्नान मेले की तैयारियों का तहसीलदार ने जायजा लिया। तहसीलदार राकेश कुमार चंद्र ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने स्नानार्थियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए, व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने पर जोर दिया। घाट पर सभी आवश्यक प्रबंधों का निरीक्षण किया।

### राणा शुगर्स मिल में पेराई सत्र 2025-26 हेतु की गई रोलर की पूजा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। बुद्धवार को राणा शुगर्स लिमिटेड, करीमगंज शाहबाद में आगामी पेराई सत्र 2025-26 हेतु रोलर पूजा श्री गुरुद्वारा सहिब के पाठी जी के द्वारा आरदाश कर पूजा सम्पन्न की गई व पूजा के उपरान्त मिष्ठान वितरण किया गया। पूजा में मिल के उपाध्यक्ष साकेत बंसल, महाप्रबन्धक (तकनिकी) परिवर्तन सिंह व अनुज कुमार आर्या गन्ना (महाप्रबंधक) सूर्यभान सिंह, रमाकांत व प्रबन्ध तंत्र के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### समर कैंप में बच्चों ने उठाया आनंद, मेडिटेशन के साथ खेले खेल



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद एक तरफ बच्चों के स्कूलों की छुट्टियां हो चुकी हैं वहीं बच्चों के मन में अपने मौज मस्ती को लेकर काफी चिंता बनी हुई थी। परंतु जगह-जगह लगने वाले समर कैंप के माध्यम से बच्चों ने खूब मौज मस्ती की। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शामिल परिवारों के बच्चे प्रथम 2 दिन तक विश्वविद्यालय के केंद्र पर कराए जा रहे मेडिटेशन में शामिल रहे। इस बीच केंद्र संचालिका बी के प्रीती द्वारा उन्हें जल्दी सोने और जल्दी उठने के लिए प्रेरित किया गया और मोबाइल का प्रयोग न करने पर भी विशेष जोर दिया। तीसरे दिन लगभग चार दर्जन बच्चों को चंद्र खड़ताल मंदिर पर ले जाकर पेड़ों की ठंडी ठंडी छांव में खो-खो, कबड्डी, रस्सी कूद और बोरा कूद आदि अनेकों खेलकूद के साथ-साथ पिकनिक भी बनाई गई। जिसमें बच्चों ने नृत्य वगैरहा भी किया और खूब मौज मस्ती की । अंत में बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। समर कैंप में शामिल होने वाले बच्चों में अनामिका, मैथिली, दिव्यांशी, नव्या, राधिका, मानवी, वैष्णवी, नंदिनी, कुमार लक्ष्य, रुद्र, पवन, बजरंगी, विधान, दिव्यांश और आयुष सहित अन्य कई बच्चे रहे। इस समर कैंप के व्यवस्था व्यवस्थापकों में राकेश कुमार, अरुण कुमार, बहन गीता, बहन गोदावरी, बहन शीतल, बहन युक्ति, बहन ब्रह्मकुमारी निधि, बहन ब्रह्मकुमारी विशेषता, बहन ब्रह्मकुमारी मोनिका, बहन ब्रह्माकुमारी प्रीति आदि रहे।

## परिवार ट्रस्ट आवास विकास कॉलोनी में अखंड जाप का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद गायत्री गंगा दशहरा व गायत्री जयंती एवं गुरुदेव के महाप्राण दिवस के अवसर पर युग शक्ति चेतना केंद्र गायत्री परिवार ट्रस्ट आवास विकास कॉलोनी मुरादाबाद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से समस्त विश्व में अखंड जप एवं यज्ञ एक साथ मनाया जाता है एवं महानगर में युग चेतना केंद्र आवास विकास प्रज्ञा पीठ लाइनपार कान्हा गो सेवा केंद्र मिलन बिहार में मनाया जाता है उसी क्रम में गायत्री गंगा दशहरा व गायत्री जयंती एवं गुरुदेव महाप्राण से पूर्व आज शाम युग चेतना केंद्र गायत्री परिवार ट्रस्ट आवास विकास कॉलोनी में अखंड जप का आयोजन किया गया जिसमें सभी गायत्री परिवार जनों ने हिस्सा लिया एवं गायत्री श्लोक माला जप के उपरांत गायत्री माता आरती की गई उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया । अखंड जप कार्यक्रम में के एल त्यागी शीला त्यागी सन्तोष नारंग मनु शर्मा हरीश वर्मा मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता सविता भटनागर नीतू खन्ना मंजू त्यागी सुषमा महरोत्रा आरती वर्मा राजू पटेल पलक आनंद सुशीला अग्रवाल नीरू कपूर नीलू मल्होत्रा रूक्मणी मिश्रा मीना सिंह रजनी सैनी अनीता यादव आदि शामिल रहे। दिनांक 5 जून को प्रातः 9:00 बजे से पांच कुंडली है यज्ञ का आयोजन किया जाएगा तदोपरांत प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।



# एसएसपी के आदेश पर 10 ठगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद । ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर निवासी पंकज कुमार ने एसएसपी को एक शिकायती पत्र देते हुए अपने साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में अवगत कराया है। पीड़ित ने बताया कि 11 अक्टूबर 2022 को जटपुरा रामलीला ग्राउंड में मौजूद जमीन को उसने कय्यूम अली महिला इशरत जहां , शाहनवाज , शाहिद , समीर , महिला रोशन जहां ,फिरासत अली , आसिम अली,मौहम्मद जान और मोमीन से एक करोड़ 34 लाख में खरीदा था। इसके बाद इन लोगों ने पैसे लेने के बाद भी जमीन पीड़ित को देने की बजाय किसी और को जमीन का बयनामा कर दिया





एक करोड़ 34 लाख रुपए की ठगी पीड़ित ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में अपने साथ हुई एक करोड़ 34 लाख रुपए की ठगी के बारे में बताया। एसएसपी सतपाल अंतिल ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल इंस्पेक्टर डिलारी को एफआईआर दर्ज किए जाने के आदेश दिए।मिली जानकारी के अनुसार मुख्य आरोपी कय्यूम हिस्ट्रीशीटर और महिला इशरत जहां इन भूमाफियाओं की सरगना है। इन सभी पर धोखाधड़ी के साथ साथ साजिश की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है प्रभारी निरीक्षक, डिलारी थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि एसएसपी सतपाल अंतिल के आदेश पर धोखाधड़ी को लेकर एक मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम लगा दी गई हैं। आरोपियों की छानबीन की जा रही है।

## अमरोहा में बारात में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट:10 लोग घायल, 8 नामजद समेत 20 के खिलाफ केस दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

अमरोहा जिले के गजरौला थाना क्षेत्र में एक बारात के दौरान दो समाजों के बीच हुए विवाद में 10 लोग घायल हो गए। घटना सोमवार की देर शाम की है। मुरादाबाद के गांव भोपुर मिठोनी से जाटव समाज के रामगोपाल की दो बेटियों की बारात आई थी।

बारात चढ़त के दौरान रहदरा गांव के यादव समाज के चार युवक कार से आए। उन्होंने रास्ते से बारात हटाने की मांग की। इस बात को लेकर बारातियों और यादव समाज के लोगों में विवाद शुरू हो गया। जल्द ही यादव समाज के अन्य लोग



भी मौके पर पहुंच गए।

विवाद ने मारपीट और पथराव का रूप ले लिया। इस दौरान बारात में शामिल सनी, कन्हैया, रोहित, अभिषेक, दीपक, गुड्डू समेत 10 लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया। तीन गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया।

गजरौला थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान के अनुसार, कन्हैया की शिकायत पर रहदरा निवासी निपेंद्र, विवेक, शिवम, गोलू, निशांत, जितेंद्र, काकी, गोपी और 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी अभद्रता की और फरार हो गए।

### अमरोहा में कल स्नान करेंगे ढाई लाख लोग:

# दिल्ली-मुरादाबाद हाईवे पर भारी वाहनों की एंट्री बंद, गंगा दशहरा पर रूट डायवर्जन लागू

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

अमरोहा में गुरुवार को ज्येष्ठ दशहरा मनाया जाएगा। इस अवसर पर ढाई लाख श्रद्धालु गंगा स्नान करेंगे। जिला प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्था की है।

श्रद्धालु ब्रजघाट, तिगरी धाम, धनौरा में सीपिया घाट पर स्नान करेंगे। हसनपुर में पूठ घाट, पौरारा, सिरसा और जल्लोपुर घाट पर भी स्नान होगा। श्रद्धालु अपने निजी और व्यावसायिक वाहनों से गंगा तट पर पहुंचेंगे।

यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए रूट



डायवर्जन लागू किया गया है। यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने बताया कि बुधवार दोपहर से दिल्ली-मुरादाबाद हाईवे पर ट्रक, कंटेनर और निजी बसों की एंट्री बंद रहेगी। यह प्रतिबंध 6 जून की रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगा।

भारी वाहन वैकल्पिक रास्तों से जाएंगे-हाईवे पर रोडवेज बसें, कारें और जरूरी सेवाओं के वाहनों को जाने की अनुमति होगी। इनमें दूध-दही, फल-सब्जी के वाहन और एम्बुलेंस शामिल हैं। अन्य भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से जाना होगा। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर जाम से बचने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

### अभद्र टिप्पणी में नदीम कुरैशी के खिलाफ एफआईआर

**नेशनल प्रेस टाइम, ब्यूरो**

बरेली। ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लमीन के प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी ने सोमवार को विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बारे में अभद्र टिप्पणी की थी। उनका ये बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हिंदू संगठनों में रोष उत्पन्न हो गया। कुछ लोगों ने एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की थी। इसके बाद प्रेमनगर थाने में तैनात दरोगा वीरेश भारद्वाज ने नदीम कुरैशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रेमनगर थाने में तैनात दरोगा वीरेश भारद्वाज ने बताया कि मौलानगर निवासी नदीम कुरैशी आल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लमीन के प्रदेश महासचिव हैं। उन्होंने सोमवार को बजरंगदल और विहिप कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के संबंध में गलत शब्द का प्रयोग किया था। इससे दोनों संगठनों और हिंदू संगठनों में रोष है। दरोगा ने बताया कि नदीम कुरैशी साम्प्रादिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है। जिस वजह से उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## लखनऊ-मुंबई के बीच दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, बरेली में होगा ठहराव

**नेशनल प्रेस टाइम, ब्यूरो**

बरेली। रेलवे वर्ष 2025-26 में देशभर में 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का संचालन शुरू करेगा। पिछले साल बरेली-मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर के संचालन को हरी झंडी मिलने के बाद रूट सर्वे भी हो चुका है। इस ट्रेन की समय सारिणी जारी होने का इंतजार है। रेलवे अब लखनऊ-मुंबई के बीच बरेली होते हुए वंदे भारत स्लीपर के संचालन की कवायद में जुट गया है। इस रूट पर भी सर्वे पूरा कर लिया गया है। दोनों ट्रेनों की समय सारिणी जून के अंत तक जारी होने की उम्मीद है।

लखनऊ-मुंबई के बीच ज्यादा स्टेशन हैं और यात्री भी ज्यादा मिलेंगे। अधिकारियों का



कहना है कि उत्तर रेलवे के दिल्ली कोचिंग यार्ड में वंदे भारत स्लीपर का एक और रैक जून के दूसरे सप्ताह तक पहुंच जाएगा। रेलवे बोर्ड की हरी झंडी मिलने के बाद ट्रेन की समय सारिणी जारी कर दी जाएगी।

बरेली-मुंबई रूट-बरेली, चंदौसी, अलीगढ़, आगरा, ग्वालियर, झांसी, बीना, भोपाल, इटारसी, खंडवा, जलगांव, मनमाड, मुंबई।

## शांति और सफाई पर जोर, बकरा ईद से पहले प्रशासन ने कसी कमर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। बकरा ईद पर्व को लेकर अगवानपुर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता ने लोगों से अपील की कि त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाए।

**सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी करना प्रतिबंधित**

सीओ ने स्पष्ट कहा कि कुर्बानी केवल उन्हीं स्थलों पर की जाए जो प्रशासन द्वारा चिह्नित किए गए हैं। खुले में या सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी करना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कुर्बानी के बाद उत्पन्न मलबे को खुले में न फेंका जाए, बल्कि निर्धारित स्थानों पर सुरक्षित





तरीके से निस्तारण किया जाए। बैठक में यह भी तय किया गया कि नगर निगम सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखेगा और बिजली-पानी जैसी मूलभूत सेवाओं में किसी तरह की बाधा न आने दी जाएगी। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से बचने और किसी भी असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत थाने को देने की अपील की।

बैठक में स्थानीयजनप्रतिनिधियों, धार्मिक नेताओं और नगर पंचायत अधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे हर संभव सहयोग करेंगे ताकि त्योहार शांति और भाईचारे के साथ संपन्न हो सके।

सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता

## ईद-उल-अजहा के द्रष्टिगत शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# सरकार की मंशानरूप खुले स्थानों पर कुर्बानी न दें- एसडीएम





**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
ललितपुर महरौनी ईद- उल- अजहा (बकरीद) पर्व के द्दष्टिगत महरौनी कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी राघवेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

पीस कमेटी की बैठक में उपजिलाधिकारी राघवेंद्र शर्मा ने मुस्लिम धर्म गुरु, ग्राम प्रधान एवम सम्भ्रान्त नागरिकों से बकरीद पर्व को लेकर बातचीत करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि बकरीद पर्व पर सरकार के मंशानरूप खुले स्थानों पर कुर्बानी न दी जाए, तो वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह ने भी स्पस्ट किया कि बकरीद पर्व पर बचे अवशेष को नगर से बाहर गड्ढे में नष्ट करें, उन्होंने कहा कि त्योहारों पर शांति प्रिय तरीके से पर्व मनाए, कोई भी धर्म के लोग को आपके पर्व मनाने पर परेशानी महसूस न हों इस बात का विशेष ध्यान रखें, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने अपील की है कि पर्व को पर्व की दृष्टि से मनाए, कही कोई अफवाह या किसी धर्म मजहब के बारे में कोई अप्रिय टिप्पणी न करें, अगर ऐसा कोई करता है तो आप पुलिस को तुरंत सूचित करें, उन्होंने शांति से पर्व मनाने एवम पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की।

बैठक में श्याम स्वरूप पालीवाल, मण्डल अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी, पार्षद मुकेश श्रीवास्तव, राजू कुशवाहा पेंटर, राजेश राजोरिया, अनवर रजा,मोहमद आविद, लखपति यादव अजान, सलीम खान पठा, अलख खान कुम्हेड़ी, सलीम पेश इमाम खजुरिया, मु नबाब खा, यशुफ खां, आशिफ खजुरिया, कैलाश, फेजन अली, अरविन्द सिंह, राजेन्द्र मिश्रा कुम्हेड़ी, बाबू खा, सत्येंद्र पालीवाल, पत्रकार आनंद त्रिपाठी सहित समस्त पत्रकार बंधु, व्यापारी वर्ग, समस्त ग्राम प्रधान, समस्त पदाधिकारीगण एवम संभ्रांत नागरिक स्थित रहे।

# बानपुर पुलिस ने कस्बे में किया पैदल मार्च वाहन चैकिंग कर किये चालान



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
ललितपुर बानपुर - पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो० मुश्ताक के निर्देशानुसार अपराध और अपराधियों की रोकथाम के उद्देश्य से आज सायं बानपुर पुलिस ने थानाध्यक्ष बानपुर अरुन कुमार तिवारी के नेतृत्व में कस्बे में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का अहसास कराया व इस दौरान पुलिस ने बैंक,मुख्य बाजार व कस्बे के सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया । उपरांत बानपुर पुलिस ने महाराजा मर्दन सिंह मुख्य बस स्टैण्ड चौराहे पर चलाया वाहन चैकिंग अभियान बिना दस्तावेज व बिना हैल्मेट व तीन सवारी बैठे पाये जाने पर 14 चालान कर 23 हजार का अर्थदण्ड लगाया । इस दौरान दुपहिया व चार पहिया वाहनों की चैकिंग की गयी व वाहन सम्बन्धी दस्तावेजों का निरीक्षण किया । अचानक हुयी वाहन चैकिंग से वाहन चालकों में हड़कम्प मच गया और वह इधर - उधर भागते हुए नजर आये । इस दौरान वाहन चालकों को शराब का सेवन करके गाड़ी चलाने के सम्बन्ध में हिदायत दी गयी । इस अवसर पर थानाध्यक्ष बानपुर अरुन कुमार तिवारी के नेतृत्व में सम्पूर्ण थाना बानपुर स्टाफ उपस्थित रहा ।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज का जिलाधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

### संभावित संक्रमण को लेकर निरंतर अलर्ट रहने के निर्देश।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी, दवा वितरण कक्ष, बालरोग वार्ड फिजियोथैरेपी कक्ष और विभिन्न चिकित्सा कक्षों का भ्रमण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधे संवाद स्थापित कर इलाज की स्थिति, दवा वितरण और अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित चिकित्सकों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्था में कोई कोताही न हो। जिलाधिकारी ने संभावित कोरोना संक्रमण की आशंका को ध्यान में रखते हुए सीएमएस को निर्देशित किया कि अस्पताल में आवश्यक संसाधनों और तैयारियों को अभी से ही पूरी तरह दुरुस्त कर लिया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में कोई भी लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर सीएमएस डॉ प्रशांत निरंजन आदि सहित सम्बंधित चिकित्सक मौजूद रहे।

# नून नदी के दोनों किनारे जन सहभागिता से होगा एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण महाअभियान का आयोजन।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
जालौन। जनपद में जल संरक्षण को लेकर जनसहभागिता रंग ला रही है। सूखी पड़ी नून नदी में अब फिर से जल प्रवाह शुरू हो गया है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विभागीय अधिकारियों के साथ आज प्रातः 6:00 बजे नून नदी पहुंचकर वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारी और नदी सरंक्षण क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रभागीय वन अधिकारी को निर्देशित किया कि “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान के तहत कल नून नदी के किनारे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाए। इस अभियान में सभी माननीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस विशेष पहल के तहत प्रत्येक व्यक्ति अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाएगा, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भावनात्मक जुड़ाव को भी दर्शाएगा। जिलाधिकारी ने नून नदी पर बन रहे जलाशय का भी निरीक्षण किया। जलाशय इस प्रकार से निर्मित किया जा रहा है कि नून नदी में स्वाभाविक रूप से जल प्रवाह निरंतर बना रहेगा इससे क्षेत्र में जल स्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी और आस-पास की खेती व जीवन को नया संबल मिलेगा। यह पहल न केवल जल संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि जन सहभागिता के माध्यम से सामूहिक उत्तरदायित्व की मिसाल भी पेश करती है। जल संरक्षण व पर्यावरण संतुलन हेतु यह कार्यक्रम जनपद में एक प्रेरणादायी प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रेन की छत पर चढ़ा यात्री, ओएचई से टकराने पर गंभीर रूप से झुलसा

जालौन। यशवंतपुर से गोरखपुर जा रही ट्रेन की छत पर चढ़ा यात्री ओएचई लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। आरपीएफ ने आनन फानन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है, जहां इलाज जारी है। उरई में यशवंतपुर से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन नंबर 12592 के कोच की छत पर एक यात्री चढ़ गया। इसके बाद ओएचई से टकराने पर गंभीर रूप से झुलस गया।

**चारधाम यात्रा का जुनून, साइकिल से ही सफर पर निकल गया 'देवा' केदारनाथ के करेंगे दर्शन**

# बाबा महाकाल की भक्ति से मिलती है दुःखो से मुक्ति : विनीत बाबा



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**
ललितपुर। सनातन धर्म में आस्था के अनेक रूप देखने को मिलते हैं। केदारनाथ के कपाट खुलते ही उत्तराखंड की चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। जिसकी जैसी भक्ति, वह वैसे ही चारधाम यात्रा के लिए निकल पड़ा है। इसी कड़ी में सोमवार को प्रातकाल 9 बजे सागर मध्य प्रदेश से साईकिल से चलकर चार धाम की यात्रा पर निकले सागर के निवासी देवा जों साईकिल से चलकर रात में ललितपुर के निकट ही पहुँचे थे को गांधीनगर स्थित माँ वीरलोचनी बीजासेन महाकाली सिद्ध पीठ के अध्यक्ष विनीत बाबा बाल्मीकि ने घंटाघर के निकट अपने साथियों सहित उनका स्वागत अभिनंदन किया साथ ही सिद्ध पीठ पर माँ भगवती के दर्शन कराकर साथियों सहित सोल श्रीफल माँ की चुनरी भेट कर सम्मानित किया साथ ही उनकी भोजन प्रसादी का प्रबन्धक किया शाम को देवा को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देकर विदा किया। इस दौरान जगह-जगह रुक कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहे है। देवा ने केदारनाथ की यात्रा अलग तरीके से करने की ठानी है। अब वो इस यात्रा पर निकल चुके हैं। यात्रा को मंगल बनाने के लिए तमाम लोग इक्कठ्ठा हुए और हौसले की सराहना की। इस अवसर पर गांधीनगर स्थित माँ वीरलोचनी बीजासेन महाकाली सिद्ध पीठ के संरक्षक दिलीप घावरी, श्री मती मालती देवी, विनीत बाबा बाल्मीकि, शहनाज उर्फ संजना सिंह, आकाश ताम्रकार, रियाज मंसूरी, कपिल घावरी, चन्दन सिंह अहिरवार, विकास घावरी, चंद्रविनोद मिश्रा, विनोद अहिरवार, कपिल पटवा, सौरभ जैन, भजन कुशवाहा, सचिन पंथ, विशाल विश्वकर्मा, अंकित विश्वकर्मा, अयांश घावरी, नयन घावरी, वीर घावरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# हिंदुस्तान यूनिलीवर कर्मचारियों का मामला राहुल गांधी तक पहुंचाएगी कांग्रेस

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
जालौन। कांग्रेस की जिला एवं शहर इकाई की मासिक बैठक मंगलवार को पार्टी कार्यालय शहीद भवन में हुई। बैठक में हिंदुस्तान यूनिलीवर फैक्ट्री के बंद होने के मुद्दे पर चर्चा की गई। साथ ही तय किया कि इस मामले को लेकर राहुल गांधी को पत्र लिखा जाएगा। वह इस गंभीर विषय को राष्ट्रीय स्तर पर उठाएंगे ताकि, कर्मचारियों को उनका अधिकार और न्याय मिल सके।

जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर ने संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं जिले के राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व वरिष्ठ समन्वयक बृजेंद्र व्यास उमडम महाराज ने कार्यकताओं को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं। सभी को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहना चाहिए। समन्वयक साकेत बिहारी मिश्रा ने आगामी कार्यक्रमों की रणनीति साझा की और सभी कार्यकताओं से पूर्ण समर्पण और सहभागिता की अपेक्षा जताई। पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव नारायण मिश्रा ने कहा कि हमारा संगठन प्रत्येक सदस्य की सक्रियता और समर्पण से मजबूत होगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने कहा कि शहर में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए संगठन के माध्यम से बूथ स्तर तक मजबूती लाएंगे।

बैठक में शकुंतला पटेल, सुरेश शांडिल्य, अनुज मिश्रा, चौधरी श्याम सुंदर, रेहान सिद्दीकी, लक्ष्मीनारायण चतुर्वेदी, विजयलक्ष्मी, जाहिदा बेगम, बशारत हाशमी, अनिल पटेरिया आदि रहे।

# डीएम का फोटो लगाकर मांगे 50 हजार रुपये



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह का फर्जी व्हाट्सअप एकाउंट बनाकर साइबर ठगों ने जिला उद्यान अधिकारी (डीएचओ) से 50 हजार रुपये की मांग की। हालांकि सूझबूझ से वह बच गए। उन्होंने इसकी जानकारी डीएम को दी। डीएम ने नंबर के आधार पर सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साइबर शातिर ने जिलाधिकारी का फोटो लगाकर डीएम मथुरा के नाम से व्हाट्सअप पर फर्जी अकाउंट बना लिया। फिर डीएचओ का हालचाल पूछा और उनके कार्यालय के बारे में जानकारी जुटाई। मंगलवार दोपहर को उसने डीएचओ को अपने झांसे में ले लिया। इसके बाद ठग उनसे 50 हजार रुपये अर्जेंट ट्रांसफर करने के लिए कहने लगा। डीएम का मैसेज पढ़ने के बाद डीएचओ दंग रह गए। उन्होंने डीएम के पर्सनल नंबर पर फोन किया और मामले की जानकारी दी। तब जाकर जालसाजी पकड़ में आई। डीएम ने नंबर की जानकारी जुटाई तो वह लाओस (विदेश) का है। उन्होंने साइबर ठग के मैसेज का स्क्रीन शॉट लेकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की। डीएम सीपी सिंह ने बताया है कि व्हाट्सअप नंबर दूसरे का है। इसलिए कुछ जानकारी नहीं मिल सकी है। नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस चौकी के पास रजिस्ट्रार ऑफिस में चोरी, खिड़की के रास्ते घुसे चोर

मथुरा के थाना सदर क्षेत्र के अंतर्गत चौकी सिविल लाइन के पास रजिस्ट्रार ऑफिस में बीती रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोर ने कार्यालय में खिड़की पर लगे जंगले को तोड़कर अंदर घुसे और चोरी को अंजाम दिया। यह घटना रात के अंधेरे में उस वक्त हुई, जब ऑफिस पूरी तरह बंद था और वहां कोई सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं था। कर्मचारियों का कहना है कि जब सुबह ऑफिस पहुंचे जंगला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। अभी तक साफ नहीं हो पाया है कि चोर क्या सामान ले गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें शक है कि कुछ जरूरी दस्तावेज और कैश गायब हो सकता है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है ताकि कोई पुख्ता सुराग मिल सके। बता दें कि इससे पहले भी इसी कार्यालय में लाखों रुपए की चोरी हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बार जांच शुरू होती है, मगर कुछ दिन बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। सीओ सिटी भूषण वर्मा ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण किया। रजिस्ट्री कार्यालय के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा की मदद से चोरों की पहचान की जा रही है।

# प्राचीन स्वरूप में लौटेंगी बरसाना की पहाड़ियां



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मथुरा। बरसाना में श्रीजी के गांव से जुड़ी पहाड़ियों का पुराने स्वरूप में नजर आएंगी। बरसाना के आसपास राजस्थान की सीमा स्थित पहाड़ियों को हराभरा करने की योजना बनाई गई है। 98 हेक्टेयर में फैले इन पहाड़ों पर कीकड़, बबूल को हटाकर कृष्ण कालीन पौधे लगाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने इसकी योजना बनाई है।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने बरसाना के आसपास राजस्थान की सीमा स्थित पहाड़ियों को हराभरा करने की योजना बनाई है। इसकी शुरुआत रांकोली की पहाड़ी से होगी। 98 हेक्टेयर में फैली इस पहाड़ी की तार फेंसिंग कराई जाएगी। इसमें प्लांटेशन, कल्चरल ऑपरेशन, वाटर हार्वेस्टिंग समेत अन्य कार्य कराए जाएंगे। रांकोली के बाद पर्वतीय श्रंखला में शामिल सखी गिरी पर्वत और ढवाला पहाड़ी को भी खूबसूरती प्रदान की जाएगी। वर्तमान में यह पहाड़ी क्षेत्र हरियाली विहीन हो गया है। सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इन पहाड़ियों को हराभरा करने की योजना है। इसमें कीकड़, बबूल के वृक्षों को हटाकर कृष्ण कालीन पौधे.लगाए जाएंगे। करीब 2.11 करोड़ रुपये से ये कार्य किया जाएगा। पहाड़ियों को प्राचीन स्वरूप देने के लिए एक संस्था का सहयोग लिया जाएगा।

# बांकेबिहारी मंदिर नहीं जाती सांसद हेमा मालिनी, जानें आखिर क्या है डर



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मथुरा। सांसद हेमा मालिनी यदि यह कहें कि वह बांके बिहारी के मंदिर में दर्शन करने नहीं जाती हैं।सांसद ने उन्होंने कहा कि बांके बिहारी के मंदिर में आज इतनी भीड़ उमड़ती है कि वहां व्यवस्थाएं चौपट हो गई हैं। उन्होंने कहा कि वह खुद भी वहां नहीं जाती, क्योंकि वहां महिलाओं के साथ अभद्रता होने का डर रहता है। बताया कि उनकी हेयर ड्रेसर जया जो मुंबई से आई थी बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने गई तो वहां उनके साथ बदसलूकी हुई। उनके बाल नोंच डाले गए। वह घबराकर वापस आ गईं। उनका अनुभव बहुत खराब रहा। हेमा मालिनी ने कहा कि सेवायतों को यह बात समझनी चाहिए कि विकास के लिए यह बहुत जरूरी है। न केवल महिलाएं, बल्कि सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए यह जरूरी है कि कॉरिडोर बने। कॉरिडोर बनने से सेवायतों की पूजा पद्धति में कोई फर्क नहीं आ रहा है और न ही उनको वहां से हटाया जाएगा। इस प्रकरण को लेकर सांसद हेमा मालिनी इन दिनों मथुरा में ही हैं और लोगों से बात कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस समय कॉरिडोर बनाने का सबसे बेहतर अवसर है। यह अवसर बार-बार नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि सेवायतों को इसे समझना चाहिए और कॉरिडोर बनाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वृंदावन का मूल स्वरूप मंदिरों का है। यह बना रहना चाहिए।

आजकल तमाम रेस्टोरेंट-होटल यहां खुल गए हैं, जो मंदिरों के बीच में आ गए हैं। इन सबके लिए अलग से एक जगह बननी चाहिए और मूल वृंदावन में केवल मंदिर ही स्थापित किए जाएं। ऐसे किसी कमर्शियल बिल्डिंग को यहां अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, इसके बारे में प्रशासन को सोचना होगा।

### आयुष्मा आरोग्य मंदिर का डीएम ने किया निरीक्षण

# निरीक्षण के दौरान प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान ने ऊँचागाँव में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर अस्पतल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रकाश, पेयजल व सफाई व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए।

बुधवार की सुबह जिलाधिकारी शामली अरविंद चौहान ऊंचागांव में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर अस्पताल के निरीक्षण को पहुँचे,जहां उन्होंने पैथोलॉजी लैब व प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। इन दौरान उन्होंने प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं व अस्पताल के स्टाफ के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बंद पड़े स्टोर रूम का ताला खुलवाकर निरीक्षण किया। इंटें लगाकर बंद की गई विंडो को तुरंत खुलवाने,प्रकाश वयवस्था दुरुस्त करने व बंद पड़े आवासों की साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए। डीएम के निरीक्षण को देखते हुए स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मचा रहा। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अतुल बंसल,चिकित्साधीक्षक कैराना शैलेन्द्र चौरसिया,ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अतुल गर्ग सहित आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने किया निमार्णाधीन पीएसी बटालियन कैंप का निरीक्षण,एक्शन को लगाई फटकार



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

कैराना। 233.45 करोड़ रुपये की लागत से निमार्णाधीन पीएसी बटालियन कैंप का डीएम शामली अरविंद सिंह चौहान ने निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य की गति धीमी मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही सन्तोषजनक जवाब ने देने पर पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्शन को जमकर फटकार लगाई और पटोजेक्ट मैनेजर को समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बुधवार की सुबह 11 बजे ग्राम ऊँचागांव में कैराना-कांधला मार्ग पर स्थित पीएसी बटालियन कैंप का निरीक्षण करने के लिए जिलाधिकारी शामली अरविंद सिंह चौहान पहुँचे,जहां उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर सूबेदार यादव से पीएसी बटालियन के मानचित्र देखें। तत्पश्चात डीएम ने निमार्णाधीन बिल्डिंगों का निरीक्षण करते हुए प्रयेक दिन होने वाले निर्माण,लेबर व सामग्री से संबंधित प्रपत्र चैक किये। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के एक्शन आशीष मेहरोत्रा से निर्माण कार्यों से संबंधित रिपोर्ट मांगी तो वह सन्तोषजनक उत्तर नहीं दे सके। उल्टा डीएम को ही कहा कि तीन जनपदों का कार्यभार देख रहा हूँ,हर समय हर चीज के पीछे नहीं भाग सकता। इतना सुनते ही जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया और उन्होंने जमकर फटकार लगाते हुए एक्शन की रिपोर्ट भेजने को कहा,जिसके बाद एक्शन का दिमाग ठिकाने पर आ गया। निमार्णाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण करने के दौरान डीएम ने हैमर मशीन के माध्यम से पिलरों की गुणवत्ता को परखा,जो दुरुस्त पाए गए। धीमी गति से निर्माण कार्य होने पर प्रोजेक्ट मैनेजर सूबेदार यादव को कार्य में सुधार लाने,समयावधि में कार्य पूर्ण करने और प्रत्येक बिल्डिंग पर डिस्प्ले चार्ट स्थापित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक बिल्डिंग की क्वालिटी रिपोर्ट तैयार करने,प्रतिदिन लेबरों की संख्या अंकित करने तथा निमार्णाधीन 25 बिल्डिंगों की पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है।निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने टाइप ए,टाइप बी1, इनडोर जिमम्यूजियम जी+3 बिल्डिंग का निरीक्षण करते हुए टाइप ए व इनडोर जिमम्यूजियम जी+3 बिल्डिंग में रिबाउंड हैमर मशीन से पीडब्ल्यूडी शामली के अधिकारियों से कंक्रीट की स्ट्रैंथ चेक कराई गई जोकि मानक के अनुसार सही पाई गई। माह अगस्त 2024 में निर्माण प्रारंभ किया गया था,जिसे माह अगस्त 2026 तक पूर्ण करना है,जिस गति से निर्माण कार्य चल रहा उससे नही लगता कि निर्माण कार्य समय पर पूरा हो जाएगा।इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर सूबेदार यादव ने कहा कि ईद का त्यौहार होने के कारण लेबर छुट्टी चली गई है। समयावधि में निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। बताते चलें कि 2018 लोकसभा चुनाव के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कैराना में पीएसी कैंप की स्थापना करने का एलान किया था। वर्ष 2020 में 23 वीं वाहिनी पीएसी कमांडेंट अब्दुलरज्जाक की देखरेख में 66 किसानों की 24.87 हैक्टेयर भूमि 28 करोड़ में खरीदी गई थी। 8 नवंबर 2021 में सीएस योगी आदित्यनाथ ने कांधला रोड पर पीएसी बटालियन व कांधला के गुर्जरपुर गांव में फायरिंग रेंज की भूमि का शिलान्यास किया था। जिसका निर्माण कार्य जारी हे और 2026 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज,तहसीलदार अर्जुन चौहान,बीडीओ कैराना उमाकांत मुदगल,कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धमेन्द्र सिंह,पीडब्ल्यू डी एई महिपाल आदि मौजूद रहे।

## जाहरवीर गोगाजी म्हाड़ी पर 29 वें भंडारे का आयोजन, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोगाजी महाराज की म्हाड़ी पर 29 वें विशाल भंडारे व माँ भगवती जागरण का आयोजन हुआ। इसमें दूर-दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। बुधवार को क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी में स्थित गोगाजी महाराज की म्हाड़ी पर आयोजित 29 वें विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं का आना सुबह से ही प्रारंभ हो गया था। श्रद्धालुओं ने गोगाजी की म्हाड़ी पर चादर व प्रसाद चढ़ा कर मन्नतें मांगी। आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें कढ़ी चावल,हलवा और खीर शामिल थे। इस दौरान मंदिर परिसर में मेले भी लगा थे। जिसमें बच्चों और महिलाओं ने खरीदारी की। वहीं, रात के समय श्री महाकाल युवा जागरण मंडल झाड़खेड़ी द्वारा माँ भगवती के 29 वें विशाल जागरण का आयोजन किया गया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार किरयाना व्यापारी घायल



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला।थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक बाइक सवार किरयाना व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस के द्वारा घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी बृजेश कुमार कस्बे के आर्य समाज मंदिर के समीप किरयाना की दुकान कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। व्यापारी बृजेश परचून की दुकान के साथ-साथ नगर एवं क्षेत्र के अन्य दुकानदारों को भी होलसेल में सामान की सप्लाई करता है। बुधवार को व्यापारी अपनी बाइक पर सवार होकर कस्बा एलम निवासी एक परचून दुकानदार को सामान सप्लाई करने के लिए गया हुआ था। बाइक सवार व्यापारी जैसे ही सामान देकर वापस कस्बे में लौट रहा था तो एलम बाईपास मार्ग पर दिल्ली की ओर से आए तेज गति से अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में लेकर टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर आसपास के दर्जनों राहगीर जमा हो गए। राहगीरों ने हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने हादसे में घायल व्यापारी को गंभीर अवस्था में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन घायल व्यापारी को प्राथमिक उपचार कराने के बाद अपने साथ जिला अस्पताल ले गए।

## चूहे ने कुतर डाली आठ घंटे की बिजली

शामली/ कैराना/ कांधला/ जलालाबाद। शहर के गगन विहार मोहल्ले में मंगलवार को तड़के चूहे की करतूत के कारण आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति गुल रही। लोगों को पेयजालापूर्ति भी नहीं मिल सकी। शहर और देहात क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लो वोल्टेज और बिजली कटौती के कारण लोग परेशान रहे।

फरवरी और मार्च माह में जहां 65 से लेकर 80 मिलियन यूनिट तक बिजली की खपत जिले में हुई वहीं अप्रैल में 30 और मई में 150 मिलियन यूनिट तक खपत पहुंच गई है।

शहर के गगन विहार मोहल्ले में मंगलवार सुबह करीब चार बजे अचानक ही बिजली ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद बिजली आपूर्ति गुल हो गई।

मामले की सूचना पाते ही ऊर्जा निगम की टीम मौके पर पहुंची। जांच करने पर पता चला कि चूहे ने ट्रांसफार्मर के अंदर के तार काट दिए थे, जिसके कारण आपूर्ति गुल हुई। टीम के काफी प्रयास के बाद भी आपूर्ति सुचारु नहीं हो सकी। करीब आठ घंटे बाद आपूर्ति सुचारु की गई।

जेई सौरभ कुमार ने बताया कि चूहे के कारण आपूर्ति गुल हुई थी। प्रयास है कि लोगों को परेशानी नहीं होने दी जाए। इसके अलावा तहसील फीडर, वर्मा मार्केट, बुढ़ाना रोड की आपूर्ति भी गुल रहने के कारण लोग परेशान रहे।

कैराना, कांधला, जलालाबाद में हर रोज दिन के समय तीन घंटे से अधिक कटौती की जा रही है। फाल्ट आने पर भी आपूर्ति बाधित रहती है। लोगों ने जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।

लगातार हो रही प्रचंड गर्मी के कारण बिजली की खपत बढ़ रही है। ट्रांसफार्मरों में तकनीकी खामी के कारण बिजली घंटों तक गुल रहती है, जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतों का आंकड़ा भी हर रोज 50 के पार पहुंच गया है। ऊर्जा निगम ने शहरी क्षेत्र में 24 तो ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे तक आपूर्ति देने के आदेश दिए हुए हैं। मगर शहरी क्षेत्र में मुश्किल से 14 से 15 और ग्रामीण क्षेत्र में 12 से 14 घंटे ही आपूर्ति मिल पा रही है। जिसमें फॉल्ट, लो वोल्टेज, लगातार ट्रिपिंग भी शामिल है।

## ग्रामीणों को दूसरे दिन भी कराया गया योगाभ्यास

### योग प्रशिक्षिका दिप्ती तोमर एवं योग सहायक अभिषेक आर्य द्वारा कराया गया योगाभ्यास



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कांधला। कस्बे के माजरा रोड स्थित शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों को दूसरे दिन भी आयुष आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन भी योगाभ्यास कराया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर इसमपाल के निर्देश में डॉक्टर सुधीर कुमार ने चिकित्स एवं योग शिविर का आयोजन किया। योग प्रशिक्षिका दिप्ती तोमर एवं योग सहायक अभिषेक आर्य द्वारा योग अभ्यास कराया गया।इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के समय में मनुष्य को अपनी फिटनेस व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इसका सबसे बेहतर उपाय मात्र योगा है,जिसने भी योगा को अपनाया वही निरोगा बना है।

इस दौरान शिविर में आने वाले लोगों को चिकित्सकों द्वारा ग्रीष्म ऋतु से संबंधित बीमारिया अतिसार लू लगना कोरोना ओर पानी की कमी आदि की जानकारी दी गई और अन्य बीमारियों से बचाव हेतु उन्हें जागरूक किया गया।

## एसडीएम ने लिया दशहरा गंगा स्नान की तैयारियों का जायजा

### -दोनों राज्यों के लाखों लोग गुरुवार को यमुना नदी में लगाएंगे आस्था की डुबकी



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

कैराना। पवित्र दशहरा गंगा स्नान के पर्व को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नजर आ रहा है। कोई अप्रिय घटना ने हो इसके लिए तमाम तरह के प्रयास किये जा रहे है। मौके पर पुलिस बल के साथ गोताखोरों की टीम को लगाया गया है। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज मौके पर पहुँची और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बुधवार की दोपहर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के साथ यमुना ब्रिज पर पहुंची,जहाँ उन्होंने पवित्र दशहरा गंगा स्नान को लेकर प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधीनस्थों एंव ब्लॉक अधिकारियों को सफाई व्यवस्था सुदृढ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु दोनों राज्यों हरियाणा व यूपी से यमुना नदी में स्नान करने आते हैं,ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सफाई व्यवस्था का खास ध्यान रखा जाए। वहीं उन्होंने स्नान के दौरान डूबने जैसी घटनाओं से बचने के लिए प्राइवेट गोताखोरों की तैनाती के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि प्रशासन की गाइडलाइन के अनुरूप ही स्नान करें और गहरे पानी में जाकर स्नान करने से बचे। क्योंकि इसमें आपकी जान भी जा सकती है। पूर्व में भी यमुना नदी में कई श्रद्धालुओं की डूबकर मौत हो चुकी है।

## बुलेट बाइक पर विवाद,दो पक्षों के बीच मारपीट व पथराव दो घायल



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

कांधला। कस्बे के मोहल्ला खेल में एक युवक के द्वारा अपनी बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ने पर दो पक्षों के बीच कहासुनी होने के बाद मारपीट वह पत्थरबाजी हो गई मारपीट में दो युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लिया है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खेल में अकबर एवं शकील दोनों पड़ोसी हैं अखबार ने अपने घर में परचून की दुकान खोल रखी है। आरोप है कि शकील का पुत्र सौयब बुधवार को अपनी बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ रहा था। आरोप है कि तभी अकबर के पुत्र गुलजार ने बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ने का विरोध किया जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी होने के बाद दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे के आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई मारपीट में लाठी-डंडे व पथराव हुआ। मारपीट के दौरान किसी व्यक्ति ने वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर ली। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लिया है। मारपीट में शकील पक्ष से आशू व अकबर पक्ष से गुलजार चोटिल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि दो पक्षों के बीच में झगड़े की सूचना प्राप्त हुई थी पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया पुलिस जांच कर रही है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# दस्तावेजों की हेरा फेरी करने पर फाइनेंस कंपनी सहित कर्मचारियों पर मुकदमा दर्जी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला।फर्जी दस्तावेज के आधार पर मोटर साइकिल पर लोन लेने के मामले में पीडित ने न्यायालय की शरण लेकर संस्था व फाइनेंस कम्पनी के मैनेजर के साथ अन्य लोगों पर अभियोग पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कैराना थाना क्षेत्र के गांव झाडखेडी निवासी नबाब अली पुत्र उमरदीन ने बताया कि उनके खाते से फरवरी माह में 3532 रूपए की किस्त काटी गई तो उसने अपने कैराना स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा से सम्पर्क किया तो उसे पता चला कि कांधला स्थित रूद ऑटो मोबाइल से उसने नाम से फाइनेंस की बाइक ली गई है। जिसकी यह किस्त कटी है। जानकारी के बाद जब उसे रूद्र ऑटो मोबाइल के मैनेजर से सम्पर्क किया तथा वहां जमा कागजों का अवलोकन किया तो किसी ने उसके नाम पर कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर बाइक को फाइनेंस कराया हुआ था। जबकि दस्तावेजों में उसके फोटों के स्थान पर अन्य व्यक्ति का फोटो लगा हुआ था। पीडित का आरोप है कि जब उसने मामले में संस्था के मैनेजर से शिकायत की तो उन्होंने कोई भी कार्यवाही करने से मना कर दिया। जिसके बाद उसने थाना कांधला में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की, लेकिन उसकी वहां भी कोई भी सुनवाई नही हुई बाद में पीडित ने न्यायलय की शरण लेकर रूद्र ऑटो मोबाइल के मैनेजर के साथ - साथ अक्षय चौहान पुत्र जगरूप सिंह ग्राम तुगाना छपरौली जनपद बागपत, प्रवीण शर्मा श्रीराम फाइनेंस कम्पनी मैनेजर बडौत बागपत के साथ तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ न्यायालय की शरण लेकर अभियोग पंजीकृत कराया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले में जांच शुरू कर दी है।

## प्रेम मंदिर मथुरा की तर्ज पर सजाया गया नवनिर्मित संतदास जी महाराज मंदिर

# 7 जून को नगर परिक्रमा व सुंदर झांकियां रहेगी आर्कषण का केंद्र

**ेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथल : हरसोली मे संतदास जी मंदिर के नव निर्मित भव्य मंदिर का उद्घाटन रविवार को किया जायेगा शनिवार सात जून को दोपहर सवा तीन बजे मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया जाएगा।रविवार आठ जून को सवा ग्यारह बजे मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा और विशाल भण्डारे का आयोजन होगा मंदिर मे दो जून से रामायण पाठ शुरू किये गये है जो सात जून तक चलेगे सात जून



को नगर परिक्रमा होगी इस दौरान झांकियो की सुंदर प्रस्तुति की जाएगी। मंदिर को प्रेम मंदिर मथुरा की तर्ज पर सजाया गया है जो देखते ही बनता है भव्यता को दशार्ता है

भामाशाह उधोगपति रामचरण मोदी, ज्ञान मोदी,अंकुर मोदी,राकेश मोदी,सतीश मोदी,परगना अध्यक्ष जीतराम, खेमाराम, नितिन गोयल, अर्चना मोदी,अनील रोहिल्ला सहित अन्य श्रृदालु सेवा मे लगे हुए है और कार्यक्रम को सफल बनाने में जुड़े हुए है

## बैतूल कोटवारों ने वर्दी लेने से किया इंकार, कोटवार संघ ने सौंपा ज्ञापन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बैतूल। कोटवार संघ घोड़ाडोंगरी द्वारा कोटवार वर्दी और अन्य सामग्री गुणवत्ता के विषय में कलेक्टर बैतूल के नाम से तहसीलदार घोड़ाडोंगरी को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संघ के जिला अध्यक्ष कन्हैया बानसे से बताया कि घोड़ाडोंगरी तहसील के सभी कोटवारों की वर्दी और अन्य सामग्री की राशि पूर्व से कोटवारों के खातों में डाली जाती थी। जिससे वर्दी व अन्य सामग्री की गुणवत्ता बनी रहती थी। परन्तु इस बार शासन द्वारा सिली सिलाई वर्दी, जूते, टार्च और गर्म कोट प्रदान किए जा रहें हैं जो बहुत ही घटिया किस्म के हैं। वर्दी बेनाप होने से समस्त कोटवार संघ वर्दी और अन्य सामग्री लेने से इंकार करता है और मांग करता है कि राशि कोटवारों के बैंक खाते में डाली जाए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष फूलचद हनोते, सचिव मुकेश भोरवशी, कोषाध्यक्ष सुखनंदन भोरसे सहित समस्त कोटवार संघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का 5 जून को केशवरायपाटन दौरा, ऊर्जा राज्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा

**नेशनल प्रेस टाइम, ब्यूरो।**

बूंदी, 4 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 5 जून को केशवरायपाटन आएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री केशवरायपाटन में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर चल रही तैयारियों का बुधवार को ऊर्जा राज्यमंत्री एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री श्री हीरालाल नागर ने जायजा लिया। उन्होंने जिला कलक्टर अक्षय गोदारा एवं पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा के साथ कार्यक्रम स्थल पर की गई सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।



इस दौरान ऊर्जा राज्यमंत्री नागर ने अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थलों पर पर्याप्त सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा।

इस दौरान जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की गई सभी तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी कार्यक्रमों के सुचारू संचालन और आगंतुकों की सुविधा के लिए व्यापक योजना तैयार की गई है। पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए इंतजामों से अवगत कराया और कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

इस दौरान पूर्व मंत्री बाबूलाल वर्मा, जिलाध्?यक्ष रामेश्वर मीणा, आईएएस अरविंद पोसवाल, जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## दुर्गा लाल की संदिग्ध मृत्यु पर सर्व समाज द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया, निष्पक्ष जांच की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम,ब्यूरो।**

बूंदी। गत दिनों दुर्गा लाल गुर्जर की लाश कुवारती मंडी के पास डिवाइडर पर पड़ी हुई मिली थी जिससे परिजनों द्वारा सदर थाना बूंदी पर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई व मृत्यु की आशंका जताई गई व हत्या होने का शक जाहिर किया इसको लेकर सदर थाना पुलिस द्वारा जांच की जा रही है जिसका अभी तक परिजनों एवं ग्रामीणों को कोई संतुष्ट जवाब नहीं मिला है,

सर्व समाज के व्यक्तियों द्वारा जिला अधीक्षक कार्यालय पर सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर विरोध दर्ज करवाया व पुलिस अधीक्षक को 5 दिन का अल्टीमेटम दिया गया इस दौरान यदि उचित वोट ठोस जांच सामने नहीं आने पर सर्व समाज द्वारा अनिश्चित कालीन धरने का फैसला किया गया है जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी इस दौरान पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश मीणा,भोजराज गुर्जर बरखेड़ा, भोजराज गुर्जर रामगंज, देव लाल गुर्जर, बंटी गुर्जर चाड, शुभम जाट, हरिराम मेघवाल, मुकेश गुर्जर रायता, धर्मराज गुर्जर, कन्हैया जी उमरच, भेरूलाल कोट खेड़ा, मनमोहन जलेडा, देवकीनंदन सुवासा सहित सकेडो सर्व समाज के व्यक्ति मौजूद रहे।

## चंवरा के मोरिंडा धाम में रुक्मणी विवाह के साथ कथा का समापन, आज होगा हवन और भंडारा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं चंवरा। कस्बे के गुढा रोड़ किशोरपुरा सीमा पर स्थित पलटूदास अखाड़ा पंचमुखी हनुमान मंदिर मोरिंडा धाम में रुक्मणी विवाह के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन किया गया। आज सुबह हवन किया जाएगा। इसके बाद विशाल भंडारा शुरू किया जाएगा। कथा में कथावाचक दिनकर शास्त्री ने रुक्मणी कृष्ण विवाह एवं भगवान श्री कृष्ण के 16108 विवाहों का विस्तार से वर्णन किया। भगवान कृष्ण की आठ पटरानियों का भक्तों को भागवत के माध्यम से श्रवण करवाया। इसके बाद सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष एवं कलयुग का वर्णन हुआ। कथावाचक ने कहा कि अब तक भगवान के 24 अवतारों में से 23 अवतार ही हुए हैं लेकिन आगे घोर कलयुग आने वाला है जिसमें कलिंग अवतार होगा।

## बैतूल वन विभाग के खिलाफ आदिवासी की निजी जमीन पर कब्जा करने के आरोप, एसपी से की शिकायत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बैतूल। घोड़ाडोंगरी तहसील क्षेत्र के ग्राम कान्हावाड़ी निवासी घीसी इवने ने एसपी से शिकायत करते हुए वन विभाग के उच्च अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। घीसी अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं और उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी ग्राम घोड़ाडोंगरी में स्थित निजी स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 686/02 रकबा 1.683 हेक्टेयर पर वन विभाग ने जबरन कब्जा कर लिया है।

जयस जिला अध्यक्ष संदीप धुर्वे के साथ एसपी ऑफिस पहुंचे आवेदक घीसी ने एडिशनल एसपी को सौंपे शिकायत आवेदन में प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वर्किंग प्लान भोपाल, मुख्य वन संरक्षक बैतूल, रेंजर व डिपो प्रभारी वन डिपो घोड़ाडोंगरी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की। आवेदक का कहना है कि उक्त भूमि पर बिना अनुमति पौधारोपण कर दिया गया, और फिर रेस्ट हाउस व फॉरेस्ट डिपो का निर्माण कर आवेदक और उसके परिवार को बेदखल कर दिया गया। इस कार्रवाई से उनके समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वन विभाग ने बार-बार इस भूमि को अपनी बताते हुए गलत जानकारी शासन और विभाग को दी है, जिससे उन्हें और उनके परिवार को मानसिक क्षोभ भी हुआ है।

आवेदन में बताया गया है कि भूमि पर जबरन कब्जा करने के साथ-साथ पानी के उपयोग के अधिकार और अधिवास



अधिकार में भी हस्तक्षेप किया गया। विभागीय अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से तथ्यों की जानकारी होने के बावजूद बार-बार आवेदक के विरुद्ध विद्वेषपूर्ण कार्यवाहियां कीं और विभागीय अधिकारियों को भी मिथ्या जानकारी देकर गुमराह किया।

घीसी इवने ने शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि उक्त भूमि को खाली करने के लिए उन्हें बार-बार मजबूर किया गया और इसके लिए वन विभाग के अधिकारियों ने गलत दस्तावेज बनाकर उन्हें बेदखल करने की कोशिश की। आवेदक ने यह भी बताया कि उक्त भूमि को लेकर व्यवहार न्यायालय बैतूल के तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड द्वारा कब्जा देने का आदेश पारित किया गया है, लेकिन वन विभाग के अधिकारियों द्वारा न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए अब तक उन्हें भूमि का आधिपत्य नहीं दिया गया।

## मोदी की गारंटी में ग्रहण !

**नक्सल प्रभावित ग्रामों में मोबाईल नेटवर्क बड़ी समस्या।**

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

बालाघाट। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा का ड्रीम प्रोजेक्ट डिजिटल इंडिया को पलिता लगाती नक्सल प्रभावित ग्रामपंचायतो में मोबाईल नेटवर्क की प्रबल समस्या! बालाघाट अति नक्सल प्रभावित सूची से हट गया है । मगर नक्सली क्षेत्र में विकास की गति धीमी है। जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर दूर जनपद पंचायत बिरसा की ग्राम पंचायत डाबरी में मोबाइल नेटवर्क के लिए कर्मचारी भटकते रहते हैं।ऑनलाइन हाजिरी के लिए दूर पहाड़ी में जाती है आंगनबाड़ी की महिलाएं। नेटवर्क नहीं होने से सभी तरह के सरकारी काम ठप रहते हैं।

नेटवर्क के लिए तरसते ग्रामीण : ग्राम पंचायत के ग्राम लातरी के लोग भी बात करने अथवा इंटरनेट के प्रयोग के लिए इधर-उधर भटकते नजर आते हैं।

नेटवर्क ढूंढते कर्मचारी : ग्राम पंचायत सचिव का कहना है कि जनपद पंचायत स्तर से आनलाइन कार्य का लक्ष्य व समय तय किया गया है। यदि समय पर कार्य नहीं किए गए तो वेतन काटने सहित अन्य कार्रवाई होती है। चुन्नीलाल उइके सरपंच ग्राम पंचायत डाबरी का कहना हैं कि ग्राम पंचायत में मोबाइल नेटवर्क एक बड़ी समस्या है। इसको लेकर कई बार कलेक्टर से मिलकर शिकायत दी गई है।

जिला कलेक्टर का कहना है कि बीएसएनएल के अधिकारियों के संपर्क में हैं जल्द ही समस्सया का समाधान होगा।

## सेवा कर लौटे फौजी रितेश्वर लोखंडे का हुआ ऐतिहासिक स्वागत

### ऑपरेशन सिन्दूर में दिया विशेष योगदान, बैंड-बाजों

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बैतूल। भारतीय सेना में 21 वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होकर लौटे सैनिक रितेश्वर राव लोखन्डे का बैतूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। रितेश्वर लोखंडे ने जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान ऑपरेशन सिन्दूर में विशेष योगदान दिया है। सेवानिवृत्ति के बाद जैसे ही वे अपने गृह जिले बैतूल पहुंचे, पूर्व सैनिक संघ और देशभक्त नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

शहर के कारगिल चौक पर शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इसके बाद लोखंडे का पुष्पमालाओं और तिलक के साथ सम्मान किया गया। यहां से एक स्वागत रैली बैंड-बाजों के साथ निकाली गई, जिसमें भारत माता के जयकारों से माहौल गूंज उठा।

स्वागत रैली कारगिल चौक से शुरू होकर शहीद दीपक यादव स्मृति स्थल पहुंची, जहां उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धा पूर्वक दीपक यादव को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद यात्रा गेंदा चौक, सांवरिया नगर होते हुए लोखंडे के निज निवास तक पहुंची। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संघ के पदाधिकारी, लोखंडे परिवार, महाले परिवार सहित अनेक देश प्रेमी नागरिक उपस्थित रहे। स्वागत में वामन राव महाले, राहुल महाले, उद्योग संघ के अध्यक्ष ब्रज आशीष पांडे, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कपूर, ईस्ट मित्र प्रशांत महाले, उमेश सोनी, देवेंद्र मंदरे, विवेक साबले, सतीश पोटफोडे, बुधराव गीद और नारायण धोटे विशेष रूप से उपस्थित थे। सभी ने फूल बरसाकर और जयकारे लगाकर देशभक्त जवान का अभिनंदन किया।

## आवास निर्माण की राशि प्राप्त करने के बावजूद आवासो को निर्माण नही करने वार्ड 41 के 14 हितग्राहियो को नोटिस जारी

### अचल सम्पत्ति को कुर्क कर वशूली जायेगी आवास योजना की अनुदान राशि

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सिंगरौली। प्रधानमंत्री आवास शहरी के ऐसे लाभान्वित हितग्राहियों जिनके द्वारा राशि प्राप्त होने के बावजूद भी अपने आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नही कराया गया है। ऐसे हितग्राहियो से आवास निर्माण के लिए आवंटित राशि की वशूली उनके अचल सम्पत्ति को कुर्क कर की जायेगी। नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा ने बतया कि ऐसे हितग्राहियो को बार बार आवास निर्माण के लिए प्रेरित किया गया । कई बार समझाइश दी गई की शासन द्वारा यह राशि आवास निर्माण के लिए भेजी गई। उक्त राशि का उपयोग केवल आवास निर्माण के लिए ही किया जाना है किंतु हितग्राहियो द्वारा शासन से अनुदान राशि प्राप्त करने के पश्चात भी भवन का



निर्माण पूर्ण नही किये जाने से पर ऐसे हितग्राहियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध राशि वशूली की नोटिस जारी की गई है।

निगमायुक्त के द्वारा वार्ड क्रमांक 41 में निवासरत हितग्राही राजेश कुमार बैस पिता मठाई लाल बैस, सवई लाल केवट पिता महावीर केवट,रूबी बानो पति रोशन अली, लाला साकेत पिता हीरालाल साकेत, राम लल्लू शाह पिता सरजू प्रसाद शाह,रूकमनी अवधिया पति लाला अवधिया,रामगति ठाकुर पति सुखदेव ठाकुर,दिनेश कुमार चौरसियार पिता जगदीश प्रसाद चौरसिया, सुमित्रा सिंह पति सभाजीत सिंह,तबसुम पति पति सरताज अली,राम जी शाह पति जनक शाह,ज्ञानचंद गुप्ता पिता भोला नाथ गुप्ता,राम विदेश शाह पिता गोविदं प्रसाद शाह, तथा शक्ति कुशाला पति ओम प्रकाश कुशाला को आवास निर्माण हेतु निर्देशित किया गया। निगमायुक्त द्वारा कहा कि गया दी गई समय सीमा मे अगर उपरोक्त हितग्राहियों द्वारा आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नही कराया गया तो संबंधितो के अचल सम्पत्ति को कुर्क कर राशि वशूली की कार्यवाही की जायेंगी।

## खुटार स्टेडियम बना बकरी रखने वाला बाड़ा, ठेकेदार की मनमानी और जिम्मेदारों की मिलीभगत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली। खेल और युवा विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करोड़ों की लागत से तैयार किए गए खुटार स्टेडियम की दुर्दशा आज सिंगरौली जिले की प्रशासनिक विफलताओं की गवाही दे रही है। कभी बच्चों और युवाओं की खेल प्रतिभाओं को निखारने का सपना लिए बना यह स्टेडियम आज बकरी बाजार में तब्दील हो चुका है। स्टेडियम के मैदान में अब गेंद नहीं, बल्कि बकरियों की टोलियां दौड़ती हैं, और दर्शक दीर्घा के कमरे अस्थायी बाड़ों में बदल दिए गए हैं।

**बकरी व्यापार बना स्टेडियम का वास्तविक उपयोग**

मौके पर पहुंची एक स्थानीय मीडिया टीम द्वारा की गई पड़ताल में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि बकरी बाजार चलाने वाले ठेकेदारों ने स्टेडियम को अवैध रूप से कब्जा कर बकरियों के रखने के लिए बाड़ा बना दिया है। स्थानीय व्यापारियों ने जानकारी दी कि ठेकेदार पुलिस के



नाम पर अवैध रूप से वसूली करता है। बकरी की एक-एक गाड़ी पर मोटी रकम वसूल की जाती है, जिसका कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं होता।

**बकरियों की क्रूरता भरी ढुलाई झ्र पशु क्रूरता अधिनियम की खुली धज्जियाँ**

इस पूरे मामले में एक और गंभीर पक्ष यह है कि बकरियों को ठूंस-ठूंसकर वाहनों में भरकर अन्य राज्यों में भेजा जाता है, जिससे पशु क्रूरता अधिनियम के नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। न तो परिवहन के मानक का ध्यान रखा जा रहा है, न ही कोई मेडिकल चेकअप या फिटनेस प्रमाणपत्र लिया जा रहा है। पूर्व में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक द्वारा इस पर सख्ती से कार्रवाई की गई थी, जिसके तहत कई बार बकरी लदी गाड़ियों को जब्त किया गया था और व्यापारियों पर पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत केस भी दर्ज हुए थे। परंतु वर्तमान पुलिस अधीक्षक की भूमिका इस पूरे मामले में संदिग्ध और निष्क्रिय नजर आती है, जिससे अवैध वसूली और पशु तस्करी को अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षण मिल रहा है।

**स्टेडियम का सही उपयोग कब ?**

इस पूरे घटनाक्रम से यह साफ हो जाता है कि सिंगरौली जिले में जनसुविधाओं की अनदेखी आम हो गई है। खुटार जैसे इलाके में जहां खेल संसाधन पहले से ही सीमित हैं, वहां स्टेडियम जैसी संरचना को अवैध कारोबार में तब्दील कर देना भविष्य के खिलाड़ियों के साथ अन्याय है। यह आवश्यक हो गया है कि जिला कलेक्टर तुरंत मामले का संज्ञान लेकर स्टेडियम को खाली करवाएं, ठेकेदार पर कार्यवाही हो, और पुलिस विभाग से जवाब-तलब किया जाए कि किसके संरक्षण में यह पूरा तंत्र चल रहा है। खुटार स्टेडियम की वर्तमान स्थिति प्रशासनिक लापरवाही और अवैध गठजोड़ का ज्वलंत उदाहरण है। यह केवल एक स्टेडियम की बात नहीं, बल्कि लोकधन और सार्वजनिक हितों के दुरुपयोग की गाथा है, जिसे अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जनता को भी चाहिए कि ऐसे मुद्दों पर संगठित होकर आवाज उठाएं और खेल सुविधाओं को बकरियों के बाड़े में तब्दील होने से रोकें।

# सेवानिवृत्त हुए अंचलाधिकारी भागीरथ महतो की भू - राजस्व व निर्वाचन समबन्धी कार्यों की हुई तारीफ

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ समाहरणालय सभागार में सेवानिवृत्त हुए अंचलाधिकारी भागीरथ महतो की सम्मानार्थ में आयोजित फेयरवेल में उपस्थित जिले के अधिकारियों समेत कर्मियों के द्वारा अंचलाधिकारी की कार्यकाल को सराहा गया। सभी वक्ताओं ने अपनी - अपनी अनुभव को साझा करते हुए सिस्टम का ही हिस्सा सेवानिवृत्ति की अवयवों का दशार्या। साथ ही अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों ने उनके कार्य क्षमता समेत सराहनीय कार्य की




प्रशंसा की। कर्मियों ने उनकी सहयोग और कार्यों की अनुभव को भी साझा किया। साथ ही अपर समाहर्ता ने सेवानिवृत्त हुए अंचलाधिकारी भागीरथ महतो के भू - राज्स्व व निर्वाचन समबन्धी कार्यों को गहनता से समझकर लिखने की कला को भी दशार्ते हुए प्रशंसा की। वही कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि उपायुक्त मनीष कुमार ने सम्बोधित करते हुए सेवानिवृत्त के पश्चात जीवन की द्वितीय पारी की महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए अनुभवों को साझा किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि कोई भी अवयवों को स्थापित करने हेतु लगातार लगे रहने से निश्चित रूप से सफलता मिलती है और हमलोग ने जिला में जो शुरूआत की है वो निश्चित रूप से धरातल पर चरितार्थ होता हुआ दिखेगा।

अंचल अधिकारी भागीरथ महतो ने कहा कि यह मेरा तीसरा सेवा है, इससे पहले अन्य दो निकायों में सेवा दी है। उन्होंने अपने सेवाकालीन अवधि के कई महत्वपूर्ण अनुभवों को साझा किया। मौके पर अपर समाहर्ता, आईटीडीए, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, एलआरडीसी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एसडीओ , बीडीओ , प्रभावी सीआई व अंचल उप निरीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# डीसी ने की इंटीग्रेटेड रूरल इंटर्नशिप प्रोग्राम का शुभारम्भ

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, गरीबी उन्मूलन और सामुदायिक सशक्तिकरण पर केन्द्रित कार्यक्रम मद्देनजर पाकुड़ सूचना भवन सभागार में आयोजित प्रोजेक्ट प्रयास हुनर से होनहार तक का सफर के तहत इंटीग्रेटेड रूरल इंटर्नशिप प्रोग्राम में उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि उपायुक्त मनीष कुमार ने मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि मुख्यमंत्री का विजन है कि किस प्रकार से हमलोग विकसित झारखण्ड का निर्माण कर सके और उसके लिए विकसित गांव का निर्माण करना बहुत आवश्यक



है। उसी के आलोक में आज प्रोजेक्ट प्रयास के तहत इंटीग्रेटेड रूरल इंटर्नशिप प्रोग्राम का आज शुरूआत की गई है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में 30 इंटर्न को नियुक्त किए गए हैं जो अगले 2 महीने तक सरकार की बहुत सारी महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजनाओं को उसको ग्राउंड पर जाकर स्टडी करेंगे। फील्ड एक्स्पोजर के बाद सभी इंटर्न को फील्ड विजिट पर भेजा जाएगा। उम्मीद है कि सरकार की जो भी महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। सभी में इस प्रोजेक्ट के माध्यम से अगले 2 महीने के बाद हमें काफी सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा।

# कमार्टांड़ पहुंचे उपायुक्त रवि आनंद, योजनाओं की समीक्षा कर पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
जामताड़ा (झा०खं०), जामताड़ा जिले में पदभार ग्रहण करने के बाद उपायुक्त रवि आनंद ने पहली बार कमार्टांड़ प्रखण्ड का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने प्रखण्ड सभागार में अधिकारियों और कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में मनरेगा, पेयजल योजना, पंचायती राज, प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के कर्मियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक के बाद उपायुक्त तेतुलबांदा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय झुमका देवी पहुंचे, जहां उन्होंने चल रहे पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय में पढ़ाई कर रहे



छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। बच्चों ने किताबों की कमी और अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं से संबंधित बातों को साझा किया। इस पर उपायुक्त ने सभी विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि उन्हें आवश्यक पुस्तकें और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में किसी तरह की रुकावट नहीं आने दी जायेगी। इसके पश्चात उपायुक्त कमार्टांड़ स्थित प्रसिद्ध नंदन कानन परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने विद्यासागर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। साथ ही उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर उसकी स्थिति की समीक्षा की। भ्रमण के दौरान नंदन कानन परिसर के सचिव चंदन मुखर्जी ने विद्यासागर के छायाचित्र देकर उनका स्वागत भी किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी नूपुर कुमारी अंचल अधिकारी चोनाराम हेंब्रम, सहित बड़ी संख्या में प्रखंड कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त रवि आनंद का यह दौरा जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

## कतरास आमटांड़ हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
धनबाद (झा०खा०), कतरास क्षेत्र अन्तर्गत आमटांड़ बस्ती में नवनिर्मित हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़ी धूमधाम से बाजे गाजे के साथ 101 कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली गई जो पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कतरी नदी पहुंची। जहां पुजारी द्वारा पूजा अर्चना एवं मंत्रोंउच्चारण के बाद वापस मंदिर परिसर पहुंची, जहां कलश रख पूजा हवन आरम्भ की गई। इस शोभायात्रा में महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए।

## बीसीसीएल क्वार्टर के गैरेज में चल रही थी नकली मिनरल वाटर बनाने फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
धनबाद (झा०खा०), कतरास स्थित अंगार पथरा में एक बीसीसीएल क्वार्टर के गैराज में चल रही नकली मिनरल वाटर बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। खाद्य सुरक्षा विभाग धनबाद ने मंगलवार को छापेमारी कर ब्रांडेड कंपनी की 800 से अधिक नकली बोतलें और लाखों के रैपर जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि बीसीसीएल एरिया 1 से 5 तक बाघमारा के कई इलाकों में अवैध रूप से ऐसी फैक्ट्रियां चलाकर नकली पानी बेचा जा रहा है। इन दोनों घटनाओं से बीसीसीएल की संपत्तियों के दुरुपयोग और अवैध गतिविधियों की व्यापकता उजागर हुई है। प्रशासन को इन मामलों में कड़ी कार्रवाई करने और बीसीसीएल की संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

# RDSS योजना के अंतर्गत कार्य में लापरवाही पर कार्यकारी एजेंसी से मांगा गया स्पष्टीकरण

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
साहेबगंज (झा०खं०), उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में झारखण्ड विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के अन्तर्गत संचालित विभिन्न विद्युत योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विशेष रूप से टवख और फ्व्रर की गहन समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने टवख योजना की प्रगति पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि योजना लागू होने के बावजूद अब तक एक भी गांव में विद्युत कनेक्शन नहीं दिया जा सका है, जो अत्यंत खेदजनक है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में तेजी लाकर योजना को शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द बिजली की सुविधा मिल सके। RDSS योजना की समीक्षा के दौरान पाया गया कि योजना के अंतर्गत कार्य कर



रही संवेदक एजेंसी द्वारा कार्य में काफी धीमापन है। अब तक मात्र 91 किलोमीटर केबल ही रिप्लेस किया गया है। उपायुक्त ने असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यकारी एजेंसी से स्पष्टीकरण मांगा। बैठक में यह भी बताया गया कि संवेदक द्वारा कई बार रात्रिकालीन कार्य का आश्वासन दिया गया है, किंतु जमीनी स्तर पर प्रगति अत्यंत धीमी है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से योजनाओं की प्रगति की जानकारी आम जनता को दी जाए।

साथ ही, कार्यकारी संवेदक को प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट उपायुक्त को समर्पित करने का निर्देश भी दिया गया। इस समीक्षा बैठक में जिला विद्युत आपूर्ति पदाधिकारी शंभूनाथ चौधरी समेत अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को चेतावनी दी कि कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जायेगी।

## आम उत्सव सह बागवानी मेला का हुआ आयोजन, खुलेंगे रोजगार के अवसर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
पाकुड़ (झा०खं०), लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड परिसर में आम उत्सव सह- बागवानी मेला का आयोजन किया गया। मनरेगा एवं बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रखण्ड परिसर में आयोजित आम उत्सव सह बागवानी मेले में कई पंचायतों के आम उत्पादक किसान सहित स्वयं सहायता समूह के महिलाओं ने मेले में पहुंचकर मेले को सार्थक बनाया। मेले का शुभारम्भ अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी, बीडीओ संजय कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रसाद हांसदा, बीपीओ मानिक दास, प्रखंड कृषि पदाधिकारी के.सी दास, प्रखर समाजसेवी साहब हांसदा एवं प्रवाह एनजीओ के प्रखंड समन्वयक शालिनी सन्नी ने मेले का उद्घाटन किया। स्थानीय कृषकों एवं महिला समुह को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण को बल देने के उद्देश्य से अलग-अलग पंचायत से पहुंची महिलाओं ने मनरेगा योजना के तहत लगाए गए आम के बागानों से उत्पन्न आम्रपाली, मल्लिका, हिम सागर, अल्फानसी, सिंदूरी, बम्बईया, पहाड़ी पेरी, लंगड़ा मालदा, तोत पूरी, फजली, चौसा, खिरसा पति, दशहरी, नीलम, माल गवा, बीजू, केतकी, रूमानी जैसी बेहतरीन किस्मों के आमों का स्टाल पर प्रदर्शन किया।

# बकरीद पर्व को लेकर थाना परिसर बसंतराय में शान्ति समिति की हुई बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
गोड्डा (झा०खं० ), जिले के बसंतराय - बकरीद पर्व को लेकर जिले के अलग अलग थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रही है,वही बीते मंगलवार को जिले के



बसंतराय थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई,बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर विष्णुदेव, बीडीओ बसंतराय श्रीमान मरांडी,थाना प्रभारी बसंतराय मनीष कुमार यादव के मौजूदगी में हुई,इस बैठक में इलाके के तमाम गणमान्य लोग दोनों से समुदाय से मौजूद रहे,वही थाना प्रभारी बसंतराय मनीष कुमार यादव ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि बकरीद पर्व मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा पर्व में से एक माना जाता है,यह पर्व साल भर में एक बार आता है और लोग इस पर्व में मुख्य रूप से जानवरों की कुबार्नी देते है,उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बकरीद आपसी भाईचारगी के साथ शांति पूर्ण माहौल में मनाए,किसी भी प्रकार का कोई आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर न करे,अगर ऐसा कोई भी व्यक्ति करते है तो प्रशासन द्वारा कानूनी करवाई की जाएगी,वही बसंतराय बीडीओ ने बैठक को संबोधित करते हुए लोगो से अपील किया कि,कुबार्नी का जो भी अवशेष पदार्थ हो वह सही जगह पर मिट्टी के अंदर दफना दिया जाय ताकि किसी को भी परेशानी न हो और पूर्ण रूप से शांति माहौल में पर्व मनाए,वही थाना प्रभारी बसंतराय मनीष कुमार यादव ने कहा कि सभी ईदगाह में पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी,वही इस मौके पर बीडीओ बसंतराय श्रीमान मरांडी, इंस्पेक्टर विष्णुदेव,थाना प्रभारी बसंतराय मनीष कुमार यादव,के साथ साथ इलाके के तमाम गणमान्य लोग और जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर थाना परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा झारखंड**
महागामा (गोड्डा): पर्यावरण संतुलन और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को थाना परिसर में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह, पुलिस निरीक्षक उपेन्द्र महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनाराम हंसदा एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत थाना परिसर में लगभग 100 पौधे लगाए गए, जिनमें फलदार, छायादार और औषधीय पौधों



को प्राथमिकता दी गई। एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने पौधा लगाते हुए कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी जरूरत है। पौधे लगाने से वातावरण शुद्ध होता है और हमें साफ हवा मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि थाना परिसर को हराभरा बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।बीडीओ सोनाराम हंसदा ने कहा कि यदि हर व्यक्ति साल में कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो समाज में हरियाली और स्वच्छता कायम रहेगी। थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और हमें अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि सिर्फ पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करना भी जरूरी है, ताकि वे सही तरीके से विकसित हो सकें। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर संकल्प भी लिया गया कि हर अधिकारी और नागरिक मिलकर इस पहल को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भी सहभागिता देखने को मिली।

# बारियातू के फुलसू चार मोहान मोड़ पर नहीं है स्पीड ब्रेकर, आये दिन हो रही हैं दुर्घटनाएंबारियातू के फुलसू चार मोहान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**, लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला अन्तर्गत बारियातू थाना क्षेत्र अन्तर्गत रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित फुलसू चार मोहान मोड़ के पास स्पीड ब्रेकर नहीं रहने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यह क्षेत्र अब दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन चुका है। खासकर बाइक सवारों और पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए यह जगह अत्यंत खतरनाक साबित हो रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द पहल की मांग की है। विधायक प्रतिनिधि देवनंदन प्रसाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजमोहन राम, सकिंदर राम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू, उपाध्यक्ष लाल आशिष नाथ शाहदेव, राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव समेत कई लोगों ने बताया कि फुलसू चार मोहान मोड़ जो चारों दिशाओं से सड़कों से जुड़ा है। पश्चिम में प्रखंड कार्यालय व फुलसू, पूरब में इटके, उत्तर में चतरा मुख्य मार्ग व दक्षिण में बालूमाथ होते हुए रांची की ओर जानेवाली मुख्य सड़क है। इससे यहां ट्रैफिक की गति नियंत्रित नहीं हो पाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रांची-चतरा मार्ग से गुजरने वाले नए वाहन चालक इस चार मोड़ की स्थिति से अनजान रहते हैं। तेज गति में आने के कारण वे अचानक सामने आए मोड़ पर नियंत्रण खो बैठते हैं, जिससे टक्कर या पलटी की घटनाएं हो जाती है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि फुलसू चार मोहान मोड़ पर अविलंब स्पीड ब्रेकर, संकेत बोर्ड और चेतावनी चिन्ह लगाये जायें, ताकि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा अस्थायी ब्रेकर की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वह नियमित नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस समस्या को लेकर सड़क निर्माण विभाग व जिला प्रशासन को अखबार के माध्यम से सूचना दी जा चुकी है, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पिछले कुछ महीनों में इस स्थान पर दर्जनों छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोग घायल हुए हैं और एक युवक की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि चार मोहान मोड़ को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए तत्काल कदम उठाये जायें। स्पीड ब्रेकर, ट्रैफिक साइनेज व चेतावनी बोर्ड की स्थापना को प्राथमिकता दी जाए, ताकि वाहन चालकों को पहले से सतर्क किया जा सके और जानमाल की क्षति रोकी जा सके।

# मौत का इंतजार करता बिजली विभाग: गाजियाबाद में डेढ़ माह से मकान पर गिरा है विद्युत पोल, कई बार हुई है शिकायत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मसूरी (गाजियाबाद) उपखंड अधिकारी प्रकाश सिंह का कहना है कि एमजी रोड के चौड़ीकरण के बाद सभी पुराने पोल हटा कर नए पोल पर लाइन डालने का कार्य चल रहा है।इस पोल को जल्द हटाया जायेगा।

क्षेत्रांतर्गत एमजी रोड पर एलटी का विद्युत पोल डेढ़ माह पूर्व अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से टूट कर निमार्णाधीन मकान की दीवार पर गिर गया था। विभाग की लापरवाही के चलते इसी पोल से आपूर्ति जारी है। जिसकी वजह से कभी भी कोई दुर्घटना घट सकती है।



मकान मालिक ने विद्युत अधिकारियों तथा कर्मचारियों को इसकी शिकायत कई बार कर दी है। मगर क्षतिग्रस्त पोल को नहीं हटाया गया जबकि इसी टूटे पोल से ही आपूर्ति लगातार जारी है।

मकान मालिक सिराजुद्दीन ने बताया कि डेढ़ महीना पहले मकान की छत डालने के लिए सेटरिंग बांधी थी। तभी रात्री के समय अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर पोल तोड़ दिया। सीमेंटेड पोल उसकी निमार्णाधीन छत से जा टीकराया था।

कई बार विद्युत अधिकारियों को टूटे हुये विद्युत पोल से सुचारू विद्युत लाइन हटाने की मांग की परन्तु अधिकारियों ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया। मकान मालिक से सेटरिंग हटाने के लिए मिस्त्री ने डबल पैसे लेकर सेटरिंग हटाई।

सिराजुद्दीन ने बताया कि अब उनके मकान का प्लास्टर होना है। परन्तु अभी तक विद्युत पोल को नहीं हटाया गया। एमजी रोड के चौड़ीकरण के चलते बराबर में नया विद्युत पोल लम्बे समय से खड़ा है। परन्तु विभाग द्वारा इस खम्बे के ऊपर तार नहीं लगाये गए हैं।

# आयकर अफसर की सात करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क, अभी जारी है सीबीआई जांच

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**




गाजियाबाद। सीबीआई जांच के बाद सामने आया कि गलत ढंग से अर्जित की गईं ये संपत्तियां गाजियाबाद, लखनऊ, हरदोई, बाराबंकी और गोवा में अमित निगम व इनके परिवार के नाम पर हैं।

सीबीआई कोर्ट संख्या एक के विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निरोधक ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में तत्कालीन अतिरिक्त आयकर आयुक्त अमित निगम की सात करोड़ से अधिक की 14 संपत्तियों को कुर्क करने का अंतरिम आदेश दिया है। सीबीआई जांच के बाद सामने आया कि गलत ढंग से अर्जित की गईं ये संपत्तियां गाजियाबाद, लखनऊ, हरदोई, बाराबंकी और गोवा में अमित निगम व इनके परिवार के नाम पर हैं।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 22 सितंबर, 2022 को तत्कालीन अतिरिक्त आयुक्त के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था। आरोप था कि उप आयुक्त, संयुक्त आयुक्त और अतिरिक्त आयुक्त के रूप में पदस्थापन और कार्य के दौरान आरोपी ने सात करोड़ से अधिक की संपत्ति अर्जित की। एक जनवरी, 2008 से 30 जून, 2018 की अवधि के दौरान नई दिल्ली, मुरादाबाद, लखनऊ और अन्य स्थानों पर आयकर कार्यालयों में लोकसेवक के रूप में काम करते हुए उन्होंने भ्रष्ट आचरण किया। उन्होंने अपने ज्ञात आय के स्रोत से अधिक करीब 7.52 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की। जांच के दौरान वह संतोषजनक हिसाब नहीं दे पाए। सीबीआई का कहना है कि जांच अभी जारी है।

# भारत के साथ फिर संघर्ष शुरू होने की आशंका बहुत कम : पाक विदेश मंत्री।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को कहा कि नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच फिर से सैन्य संघर्ष शुरू होने की आशंका बहुत कम है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी किसी भी स्थिति (सैन्य संघर्ष) में मुंहतोड़ जवाब देगा। डार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। इस संवाददाता सम्मेलन का आयोजन मीडिया को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की तुर्किये, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान की हालिया यात्रा का विवरण देने तथा पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ संघर्ष में सहयोग देने के लिए संबंधित देशों के नेतृत्व का आभार जताने के वास्ते किया गया था। भारत के साथ नये सिरे से संघर्ष छिड़ने की आशंकाओं के बारे में पूछे जाने पर डार ने कहा कि वह भविष्य का अंदाजा तो नहीं लगा सकते, लेकिन ऐसी किसी भी स्थिति की संभावना बहुत कम है।

मंत्री ने कहा, संघर्ष-विराम बरकरार है और दोनों पक्षों ने सैनिकों की वापसी से जुड़े सभी कदमों पर अक्षरशः अमल किया है। लिहाजा, मेरी राय में (नये सिरे से संघर्ष होने की) कोई आशंका नहीं है। उन्होंने हालांकि कहा, अगर भारत सैन्य संघर्ष का सहारा लेता है, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।डार ने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए बेताब नहीं है।

# भारत ने तीन भारतीयों को बचाने के लिए ईरान को धन्यवाद दिया



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली । भारत ने पिछले महीने लापता हुए तीन भारतीयों को सुरक्षित बचाने के लिए बुधवार को ईरान को धन्यवाद ज्ञापित किया। भारत ने कहा कि ईरान का समर्थन दोनों देशों की मित्रता की सच्ची भावना को दशार्ता है। ईरान से संचालित समाचार एजेंसी तस्नीम ने मंगलवार को अपनी खबर में कहा,दक्षिणी तेहरान के वरामिन में बंधक बनाने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की गई और बंधकों को मुक्त करा लिया गया।

# 13 स्थानों पर डलेगी 2100 मीटर की नई सीवर लाइन

गाजियाबाद। शहर में 13 स्थानों पर 2100 मीटर नई सीवर लाइन डालने के लिए जलकल, जलनिगम व वीए टेक वबाग की ओर से संयुक्त रूप से तेजी से कार्य किया जा रहा है। पुरानी और जर्जर हो चुकी सीवर लाइन की वजह से शहर में कई स्थानों पर जलभराव व सीवर चोक की समस्या आती है। इसको दूर करने के लिए तीनों संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि रोजाना न सिर्फ मैनहोल की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। कई स्थानों पर सीवर लाइन रिप्लेसमेंट का कार्य भी किया जा रहा है। शहर में 13 स्थानों पर सीवर लाइन के बदलने के कार्य का पार्षदों ने उद्घाटन किया है। महाप्रबंधक जल ने बताया कि पिछले कई माह से शहर में सीवर समस्या गंभीर हो रही थी। इसको देखते हुए वर्तमान में सिटी जोन में पांच स्थानों पर 338 मीटर सीवर लाइन रिप्लेसमेंट का कार्य चल रहा है। वार्ड संख्या 39 में आनंद विहार कॉलोनी, भाटिया मोड़, राकेश मार्ग पर कार्य प्रारंभ किया गया है।

# ईमानदार मूल्यांकन होना चाहिए कि प्रतिनिधिमंडल के विदेश दौरे से क्या हासिल हुआ : कांग्रेस

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



नई दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि इस बात का ईमानदारी से आकलन किया जाना चाहिए कि सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के विदेश दौरे से क्या हासिल हुआ। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने किसी का नाम लिये बगैर यह भी कहा कि मौज-मस्ती में लगे सांसदों के वीडियो भी सामने आए हैं।कांग्रेस सांसद शशि थरूर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रेखा शर्मा के गीत गाते हुए वीडियो सामने आए हैं। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, कल, असामान्य रूप से ₹लो-प्रोफाइल विदेश मंत्री (एस जयशंकर) स्वदेश लौटे सांसदों के कुछ प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर रहे हैं। आशा है कि इस बात का ईमानदार मूल्यांकन होगा कि वास्तव में (दौरे से) क्या हासिल हुआ, न कि बातों को घुमाने और तोड़-मरोड़कर पेश करने की कोशिश होगी। उन्होंने दावा किया, ऐसी विश्वसनीय रिपोर्ट हैं कि कुछ देशों में (प्रतिनिधिमंडल का) स्वागत गर्मजोशी से नहीं किया गया था। इसे हल्के-फुल्के अंदाज में कहें तो जिन लोगों से सांसद मिले, उनकी राजनीतिक हैसियत भी अधिक नहीं थी। एक गंभीर राष्ट्रीय मिशन पर रहते हुए मूर्खतापूर्ण मौज-मस्ती में लगे सांसदों के वीडियो भी सामने आए हैं।

# बेंगलुरु भगदड़ : भाजपा ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर लापरवाही का आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**





नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाए जाने के दौरान बेंगलुरु में मची भगदड़ में हुई मौतों को लेकर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की आलोचना की और मांग की कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और गृह मंत्री जी. परमेश्वर इस घटना की जिम्मेदारी लें। भाजपा की कर्नाटक इकाई के प्रमुख बी वाई विजयेंद्र ने सिद्धरमैया सरकार पर पुलिस पर दबाव डालने तथा बिना किसी तैयारी और पर्याप्त पुलिस तैनाती के समारोह आयोजित करने का आरोप लगाया। आईपीएल में आरसीबी की जीत का जश्न मनाने के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों के जुटने के बाद मची भगदड़ में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। विजयेंद्र ने बेंगलुरु में कहा, क्या तैयार रहना राज्य सरकार की जिम्मेदारी नहीं है? क्या उन्हें पता नहीं था कि लाखों लोग समारोह में आएंगे? केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस घटना के लिए कर्नाटक सरकार को जिम्मेदार ठहराया और जवाबदेही तय करने की मांग की। कर्नाटक की धारवाड़ लोकसभा सीट से भाजपा सांसद जोशी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, खराब योजना और भीड़ के कुप्रबंधन के कारण इस तरह का नुकसान देखना दिल दहला देने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक की राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में स्पष्ट रूप से विफल रही है।

हालांकि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच की घोषणा की और भाजपा पर इस त्रासदी को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए लोगों की जान जाने के लिए राज्य प्रायोजित लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, जश्न का माहौल त्रासदी में तब्दील हो गया है। गृह मंत्री (जी. परमेश्वर) को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

# पाकिस्तान में केवल भ्रमित और कांग्रेस में उनके प्रशंसक भारत के आत्मसमर्पण का दावा कर रहे: प्रधान

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग यह दावा कर रहे हैं कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने आत्मसमर्पण कर दिया, वे या तो पाकिस्तान में बैठे भ्रमित तत्व हैं या फिर कांग्रेस में उनके प्रशंसक हैं। प्रधान की यह टिप्पणी गांधी द्वारा भोपाल में कांग्रेस के एक कार्यक्रम में यह आरोप लगाने के एक दिन बाद आई है कि हाल ही में भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फोन के बाद (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी ने आत्मसमर्पण कर दिया था। राहुल गांधी ने लोगों से 1971 के युद्ध को याद करने का आह्वान करते हुए कहा था कि तब एक फोन कॉल नहीं, बल्कि अमेरिका ने अपना सातवां बेड़ा, हथियार और एक विमानवाहक पोत भेज दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आत्मसमर्पण नहीं किया और कहा कि वह राष्ट्रीय हित में काम करेंगी। प्रधान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में कहा,ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के बाद, केवल वही लोग दावा कर रहे हैं कि भारत ने आत्मसमर्पण किया है, जो या तो पाकिस्तान में बैठे भ्रमित तत्व हैं या फिर कांग्रेस में उनके प्रशंसक हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद से निपटने के लिए नया तरीका अपनाया है। यह कांग्रेस शासन के दौरान प्रचलित नम्र, नरम और कमजोर दृष्टिकोण से बिल्कुल अलग है।

# बाटला हाउस क्षेत्र में विधवा की संपत्ति की तोड़फोड़ में अदालत ने यथास्थिति का आदेश दिया




**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से एक विधवा को दिए गए उस नोटिस पर यथास्थिति को बनाए रखने का आदेश दिया है जिसमें अवैध निर्माण का दावा करते हुए उनकी संपत्ति में तोड़फोड़ करने का उल्लेख किया गया है। अदालत इशरत जहां की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो पिछले 25 वर्षों से बाटला हाउस इलाके में रह रही हैं। उनकी इमारत पर 26 मई को ध्वस्त करने से जुड़ा नोटिस चस्पा कर दिया गया था, जिसमें उन्हें अनुपालन के लिए 15 दिन का समय दिया गया था। न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के वकील ने सूचित किया कि वे याचिकाकर्ता की संपत्ति सहित बाटला हाउस क्षेत्र से संबंधित सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर प्रस्तावित कार्रवाई और सर्वेक्षण रिपोर्ट को रिकॉर्ड में रखेंगे। हालांकि, अदालत ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया और सुनवाई की अगली तारीख 10 जुलाई तय की। डीडीए के वकील ने दलील दी कि उच्चतम न्यायालय के सात मई, 2025 के आदेश के तहत ध्वस्त की जाने वाली संपत्तियों के संबंध में जिलाधिकारी के कार्यालय से सीमांकन रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए।

# बांग्लादेश ने कानून में संशोधन करके मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ली

## पाकिस्तान के नक्शे कदम पर चल रहा बंगलादेश

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**




नई दिल्ली। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कानून में संशोधन करके बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ले ली है और उनका उल्लेख स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर किया गया है। बुधवार को मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता मुजीबुर्रहमान के चित्र को नए मुद्रा नोटों से हटाने के कुछ दिन बाद मंगलवार को यह कदम उठाया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, अंतरिम सरकार ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन करते हुए स्वतंत्रता सेनानी की परिभाषा में परिवर्तन कर दिया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार रात को संबंधित अध्यादेश जारी किया। खबर में कहा गया है कि कानून में संशोधन के तहत राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान शब्द को भी संशोधित किया गया है। बीडी 24 न्यूज पोर्टल के अनुसार, राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान शब्द और कानून के वे हिस्से जिनमें बंगबंधु शेख मुजीब का नाम था, उन्हें हटा दिया गया है।

डेली स्टार समाचार पत्र ने बताया कि अध्यादेश के तहत मुक्ति संग्राम की परिभाषा में भी थोड़ा बदलाव किया गया है। खबर में कहा गया है, मुक्ति संग्राम की नयी परिभाषा में बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान का नाम हटा दिया गया है। पिछली परिभाषा में उल्लेख किया गया था कि संग्राम बंगबंधु के स्वतंत्रता के आान के तहत छेड़ा गया था।

‘नेशनल प्रेस टाइम्स’
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।